सांध्य दैनिक
# नई दृष्टिबिंदु
सच की शक्ति, जनता की दृष्टि
PRGI Reg No - CTHIN/25/A3746

**सु-विचार**

" सोच का ही फर्क होता है वरना समस्याएं आपको कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाने आती हैं...!!

अज्ञात...

वर्ष–01 अंक–285 | संपादक आलोक तिवारी | दुर्ग, मंगलवार 03 नवंबर 2026 | पृष्ठ 08 | मूल्य –2 रुपए

## संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक शुरू, देशभर से जुटे 400 प्रतिनिधि

*नई दृष्टिबिंदु / इंदौर*

### शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की होगी समीक्षा, पंच परिवर्तन और शाखा विस्तार पर मंथन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक सोमवार सुबह इंदौर के डेली कॉलेज स्थित संत रविदास महाराज सभागार में प्रारंभ हुई। बैठक का शुभारंभ सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। चार नवंबर की शाम तक चलने वाली इस बैठक में देशभर से लगभग 400 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित इस बैठक में संगठन की गतिविधियों, कार्यक्रमों और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया जा रहा है। शताब्दी वर्ष के दौरान देशभर में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ ही उनके प्रभाव और आगे की गतिविधियों की रूपरेखा पर चर्चा होगी। इसके अलावा संघ की ओर से निर्धारित पंच परिवर्तन के क्रियान्वयन, शाखाओं के विस्तार और संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर भी विशेष रूप से मंथन किया जा रहा है। बैठक में देश के विभिन्न प्रांतों से आए प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित गतिविधियों और कार्यों की जानकारी साझा करेंगे। शताब्दी वर्ष के दौरान समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच बनाने, सामाजिक सहभागिता बढ़ाने और संगठन के कार्यों को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने से जुड़े विषय भी चर्चा के केंद्र में रहेंगे।

**विजयादशमी उद्बोधन के बिंदुओं पर भी चर्चा**

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने विजयादशमी के अवसर पर अपने उद्बोधन में विभिन्न समसामयिक विषयों को



उठाया था। बैठक में इन विषयों और उनसे जुड़े बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही इन विचारों को समाज तक पहुंचाने और उनके अनुरूप आगे की कार्ययोजना तैयार करने पर भी विचार-विमर्श होगा।

**तीन महत्वपूर्ण वक्तव्य होंगे जारी**

बैठक में सरकार्यवाह की ओर से तीन महत्वपूर्ण वक्तव्य जारी किए जाएंगे। पहला वक्तव्य राष्ट्रीय चेतना के पितामह श्री राजनारायण बोस की 200वीं जयंती के अवसर पर होगा। दूसरा वक्तव्य शुद्धि आंदोलन के पुरोधा स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान के 100 वर्ष पूरे होने के संदर्भ में जारी किया जाएगा।

तीसरा वक्तव्य ओडिशा के कंधमाल के जनजातीय क्षेत्र में स्वाभिमान, स्वावलंबन और स्वधर्म की जागृति के लिए कार्य करने वाले वेदांत केसरी स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती के जन्म शताब्दी वर्ष के संदर्भ में जारी किया जाएगा। बैठक में इन तीनों महापुरुषों के योगदान और उनके विचारों को समाज तक पहुंचाने से जुड़े पहलुओं पर भी चर्चा होगी।

## राज्योत्सव में कोंडागांव पुलिस की अनोखी प्रस्तुति, देशभक्ति गीत पर गूंजा पंडाल



*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर-कोंडागांव*

छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव 2026 में कोंडागांव से एक दिल को छू लेने वाली तस्वीर सामने आई। जब मंच पर कोंडागांव पुलिस के जवान देशभक्ति गीत गाने पहुंचे तो पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा।

जो जवान बस्तर के घने जंगलों में नक्सलवाद के खिलाफ मोर्चा संभालते हैं, वही जवान आज मंच पर देशभक्ति की धुन बिखेरते नजर आए। ये तस्वीरें गवाही दे रही हैं कि बस्तर बदल रहा है। जहां कभी नक्सली दहशत थी, वहां आज जश्न और देशभक्ति के तराने गूंज रहे हैं।



## महादेव सट्टा ऐप के मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर को दिल्ली कोर्ट से 2 दिन का ट्रांजिट रिमांड पर

*नई दृष्टिबिंदु / नईदिल्ली-दुर्ग*

### आज रायपुर लेकर आएगी सीबीआई



महादेव बुक ऐप केस में बड़ी कार्रवाई। उइक ने महादेव ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर पिता रमेश्वर प्रसाद चंद्राकर, निवासी ttp://H.No. 1-D, गली नं.-43, सेक्टर-8, भिलाई को गिरफ्तार कर लिया है।

**2 नवंबर 2026 को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश**

प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज निखिल चोपड़ा की कोर्ट में CBI ने ट्रांजिट रिमांड की अर्जी लगाई। आरोपी को 1 नवंबर 2026 को शाम 7.35 बजे गिरफ्तार कर 2 नवंबर 2026 को सुबह 11.45 बजे पेश किया गया। कोर्ट ने 2 दिन का ट्रांजिट रिमांड मंजूर करते हुए 04.11.2026 तक CBI स्पेशल जज, रायपुर (छत्तीसगढ़) के सामने पेश करने का आदेश दिया है।

**क्या है आरोप**

FIR No. RC-2212024E0024 18 दिसंबर 2024, EO-III दिल्ली में IPC 420, 467, 468, 471, 201, 120-B और PC Act Sec 7, 7A, 8 तथा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 4,6,7,8,11 के तहत केस।

आरोप है कि सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल ने साथियों के साथ महादेव बुक ऐप प्रमोट कर ऑनलाइन बेटिंग के कई प्लेटफॉर्म बनाए, पैनल/ब्रांच ऑपरेटरों के जरिए सट्टा चलाया।

सट्टे का पैसा सैकड़ों बैंक खातों के जरिए वअए भेजा जाता था। दुबई से हेड ऑफिस नाम से सिंडिकेट चलाते थे।

छत्तीसगढ़ के कई युवाओं को कर्मचारी/मैनेजर के रूप में रखा गया था।

**ओमान से प्रत्यर्पण**

कोर्ट में बताया गया कि आरोपी के खिलाफ 9 सितंबर 2026 को रायपुर CBI कोर्ट ने ओपन एंडेड NBW जारी किया था। वह फर्जी ट्रैवल डॉक्यूमेंट पर ओमान में अवैध एंट्री के मामले में हिरासत में था, जिसे ओमान सरकार ने भारत को सौंपा।

**बचाव पक्ष की दलील**


वकील तुषार गिरी, सिद्धार्थ खन्ना, रितिक अरोड़ा, शिवम मिश्रा ने कहा कि ओमान की मस्कट कोर्ट ऑफ अपील ने सिर्फ ED के केस http://No.RPZO/10/2022 में प्रत्यर्पण मंजूर किया है, उइक के केस में नहीं। यह Extradition Act की धारा 21 के स्पेशियलिटी सिद्धांत का उल्लंघन है। Vinay Mittal Vs Union of India 2020 का हवाला दिया।

**CBI का जवाब**

http://Sr.PP V.K. Pathak और Naveen Nischal ने कहा कि ओमान कोर्ट के आदेश की कॉपी प्रमाणित नहीं है, रायपुर में CBI और ED दोनों केस एक ही स्पेशल जज के पास हैं, ED का केस इसी प्रेडिकेट अपराध से निकला है। ट्रांजिट रिमांड केवल 24 घंटे में पेश करने की कानूनी प्रक्रिया है।

कोर्ट ने कहा कि ट्रांजिट रिमांड पर गिरफ्तारी की वैधता देखी जाती है, स्पेशियलिटी का मुद्दा रायपुर स्पेशल कोर्ट तय करेगी। मेडिकल जांच हो चुकी है, पत्नी को गिरफ्तारी की सूचना दे दी गई है।

## बीएसपी रिटेंशन किराया पर प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने भिलाईवासियों को दी बधाई



### मुख्यमंत्री साय और सेल का माना आभार

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर भिलाई के हजारों परिवारों को बड़ी राहत मिली है। भिलाई स्टील प्लांट की रिटेंशन स्कीम को लेकर लंबे समय से चल रहा असमंजस खत्म हो गया है।

**क्या है नया आदेश**

SAIL-BSP नगर सेवाएं विभाग ने कार्यालय आदेश क्रमांक TSD/2026/564 02 नवंबर 2026 जारी किया है। इसमें सर्कुलर O&M/Procedure/1613 dated 17/11/2025 में आंशिक संशोधन करते हुए रिटेंशन स्कीम के तहत रखे गए क्वार्टर्स का किराया 6 रुपये प्रति वर्गफीट प्लिंथ एरिया प्रति माह तय किया गया है।

**किसे मिलेगा लाभ**

यह दर रिटेंशन धारियों और लाइसेंस धारियों / थर्ड पार्टी दोनों को समान रूप से मिलेगी। इसका लाभ 1 जनवरी 2025 से दिया जाएगा। आदेश AGM (TSD) सोमेश द्विवेदी द्वारा सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

**किसके प्रयासों से मिली सफलता**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय और सांसद विजय बघेल ने इस मुद्दे को दिल्ली से लेकर BSP प्रबंधन तक मजबूती से उठाया। जनभावनाओं को संज्ञान में लेते हुए शासन और प्रबंधन स्तर पर सहमति बनी और सेल ने तत्काल प्रभाव से आदेश जारी किया।

**टाउनशिप में हर्ष**

निर्णय के बाद BSP टाउनशिप में हर्ष का वातावरण है। हजारों परिवार जो महंगे किराए के कारण परेशान थे, उन्हें बड़ी राहत मिली है।

**प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने दी बधाई**

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने भिलाईवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह भिलाई की जनता की बड़ी जीत है। यह राहत हजारों परिवारों के लिए स्थायी समाधान का रास्ता खोलेगी।

## भोपाल में दिल दहला देने वाला हत्याकांड: कर्ज में डूबे युवक ने मां-पत्नी और दो मासूम बच्चों को मारकर दी जान

*नई दृष्टिबिंदु / भोपाल*

राजधानी के मालीखेड़ी इलाके में कर्ज के बोझ ने एक पूरे परिवार को खत्म कर दिया। सोमवार को नरेंद्र साहू (35) ने अपनी मां सरस्वती (50), पत्नी सोमलता (29), बेटी कीर्ति (10) और बेटे कुश (6) की गला रेतकर हत्या कर दी और फिर खुद ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।

**ताला तोड़ा तो बिस्तरों पर मिले शव :** पुलिस के मुताबिक हत्याएं सोमवार तड़के की हैं। सुबह 8 बजे नरेंद्र घर पर ताला लगाकर बुलेट से निकला। उसने जीजा दीपक सिंह को चौपड़ा कलां बुलाया और कहा 'कुछ हो गया था' फिर फोन बंद कर दिया। शक होने पर जीजा घर पहुंचे तो ताला लगा था। डायल-112 को सूचना दी गई। पुलिस ने ताला तोड़ा तो एक कमरे में मां और 10 साल की बेटी, दूसरे कमरे में पत्नी और 6 साल के बेटे के शव बिस्तर पर पड़े मिले। पास में खून से सना हथौड़ा और चाकू मिला। थाना प्रभारी अरुण शर्मा के मुताबिक जेब से भगवान के नाम की




पर्ची मिली है, सुसाइड नोट नहीं।

**पहले बेहोश किया, फिर नींद में रेता गला :** पुलिस को आशंका है कि चीखें न सुनाई दें इसलिए नरेंद्र ने पहले सभी को बेहोश किया और फिर नींद में ही चाकू-हथौड़े से गले पर वार किया। परिवार ने 15 दिन पहले ही बेटी कीर्ति का 10वां जन्मदिन मनाया था। वह तीसरी और बेटा कुश केजी-2 में पढ़ता था।

**कर्ज बाकी, परिवार खत्म - एक साल में सब डूबा :** डीसीपी आदर्श कांत शुक्ला के मुताबिक नरेंद्र भारी कर्ज और मानसिक तनाव में था। कर्ज चुकाने के लिए उसने मकान, कार-बाइक बेच दी, गहने गिरवी रख दिए, फिर भी कर्ज नहीं उतरा। हर महीने 40 हजार रुपये सिर्फ ब्याज चुका रहा था।

**ब्लैकमेल का आरोप**

बहन मधु ने आरोप लगाया कि दो महिलाओं समेत 6 लोग नेहा, गोपाल साहू, श्वेता, सिमर, चिंटू और देवा ब्लैकमेल कर रहे थे। छोटे भाई ने भी बताया कि सीहोर की एक महिला के संपर्क में था जो उसे ब्लैकमेल करती थी। पुलिस इन आरोपों की जांच कर रही है।

## भिलाई विद्यालय में 50वीं स्काउट्स व गाइड्स रैली का शुभारंभ

### छह विद्यालयों के 192 विद्यार्थी 12 दलों में ले रहे हिस्सा, चार नवंबर को होगा समापन

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में 50वीं स्काउट्स एवं गाइड्स रैली का शुभारंभ सोमवार को भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 में हुआ। तीन दिवसीय इस आयोजन में छह विद्यालयों के लगभग 192 विद्यार्थी 12 दलों के रूप में हिस्सा ले रहे हैं।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (शिक्षा) एवं जिला मुख्य आयुक्त (स्काउट-गाइड) शिखा दुबे उपस्थित रहीं। स्काउट-गाइड प्रार्थना के बाद उन्होंने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से झंडा गीत प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि शिखा दुबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स का आदर्श वाक्य 'तैयार रहें' जीवन



में नेतृत्व क्षमता, सेवाभाव, साहस और अनुशासन विकसित करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रैली के दौरान विकसित होने वाली टीम भावना, आपसी सहयोग और समन्वय विद्यार्थियों के जीवन में उपयोगी साबित होंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रत्येक गतिविधि एवं प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया।

रैली के दौरान टेंट निर्माण, मार्च पास्ट, कलर पार्टी, गांठ एवं लाठी आधारित पायनियरिंग, प्राथमिक उपचार सहित स्काउट-गाइड कौशल से जुड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसके अलावा स्काउट-गाइड आंदोलन का इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, गीत और बीपी-6 पर आधारित परीक्षाएं भी होंगी। स्मरण शक्ति, समूह नृत्य, ड्रिल, रंगोली, हस्तकला एवं पाक-कला प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मकता और व्यावहारिक कौशल का मूल्यांकन किया जाएगा।

प्रतिभागियों के आवासीय क्षेत्र और टेंट की साज-सज्जा का प्रतिदिन निरीक्षण किया जाएगा। सीमित संसाधनों के बेहतर उपयोग, स्वच्छता, अनुशासन और सामूहिक कार्यक्षमता को भी परखा जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सर्वश्रेष्ठ स्काउट, सर्वश्रेष्ठ गाइड, सर्वश्रेष्ठ लीडर और सर्वश्रेष्ठ दल के पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला आयुक्त (गाइड) एवं प्राचार्य सुमिता सरकार, जिला आयुक्त (स्काउट) एवं प्राचार्य विजय सिंह पवार, जिला सचिव सरिता शाक्या, कोषाध्यक्ष एवं प्राचार्य उर्वशी साहू तथा उप प्रबंधक (शिक्षा) वी.आर. कटियार सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रमुख उपस्थित रहे।

रैली का समन्वय जिला आयुक्त (गाइड) कीर्तिलता देशमुख एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) सत्यनारायण साहू कर रहे हैं। आयोजन में बीएसपी के आठ स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन तथा शासकीय शिक्षा विभाग के चार विशेषज्ञ निर्णायक की भूमिका निभा रहे हैं। रैली का समापन 4 नवंबर को अपराह्न 3 बजे होगा।



# दुर्ग-भिलाई में अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई, 2 महीने में 27 बार अभियान, 3475 चालान



## पुलिस ने व्यापारी संघों के साथ बैठक कर दुकानों के बाहर व्हाइट मार्किंग, पार्किंग मार्किंग तय की

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग-भिलाई*

त्योहारों से पहले यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने दुर्ग यातायात पुलिस ने नगर निगम दुर्ग और भिलाई के साथ मिलकर पिछले 2 महीनों में 27 बार संयुक्त अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया।

### कहां-कहां कार्रवाई

दुर्ग में इंदिरा मार्केट, सराफा मार्केट, समृद्धि मार्केट, बस स्टैंड, शनिचरी मार्केट, स्टेशन रोड और भिलाई में आकाशगंगा, जवाहर मार्केट, सिविक सेंटर, जुनवानी रोड, नेहरू नगर चौक, सूर्या मॉल चौक, सुपेला से पावर हाउस सर्विस रोड और नंदिनी रोड तक सड़क-फुटपाथ से अतिक्रमण हटाया गया।

### व्यापारियों के साथ बैठक

पुलिस ने व्यापारी संघों के साथ बैठक कर दुकानों के बाहर व्हाइट मार्किंग, पार्किंग मार्किंग तय की। दुकानदारों को हिदायत दी गई कि सामान व्हाइट लाइन के बाहर न रखें और ग्राहकों को तय पार्किंग में वाहन खड़ा करने को कहें।

**चालान :** यातायात पुलिस ने 3475 वाहनों पर नो-पार्किंग में ई-चालान किया। नगर निगम भिलाई ने 15000 रुपये और नगर निगम दुर्ग ने 11550 रुपये का अतिक्रमण चालान किया। SSP के निर्देशन में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



## खास खबर

### श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई की 37 सीजी बटालियन एनसीसी इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के संबंध में कैप्टन डॉ. कृष्णा मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि कैडेट्स को देश की एकता एवं अखंडता के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रक्षित आरक्षी केंद्र, दुर्ग में कैडेट्स को शस्त्रों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई, जिससे उन्हें सुरक्षा व्यवस्था और शस्त्रों की बुनियादी जानकारी प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स के साथ लेफ्टिनेंट उज्ज्वला भोसले उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से कैडेट्स में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, जागरूकता और राष्ट्रसेवा की भावना को प्रोत्साहित किया गया।

### भिलाई में श्री जगन्नाथ सेवा सम्मान समारोह-2026 भव्यता से संपन्न, 50 समाजसेवी सम्मानित



**भिलाई।** सेक्टर-4 स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में रविवार को श्री जगन्नाथ सेवा सम्मान समारोह-2026 श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एंड यू) विजय कुमार बेहेरा थे। विशिष्ट अतिथि लघु उद्योग भारती अध्यक्ष एवं दुर्ग इंडस्ट्रीज एसोसिएशन प्रेसिडेंट संजय मिश्रा रहे। मंच पर विशेष अतिथि गीतांजलि बेहेरा और मंदिर समिति के महासचिव सत्यवान नायक उपस्थित थे।

समारोह की शुरूआत 22 पाहच (पायदानों) और नवनिर्मित पार्श्व देवताओं की विशेष पूजा-अर्चना एवं वैदिक यज्ञ से हुई। यजमान त्रिनाथ साहू रहे और पूजा मुख्य पुजारी ब्रज किशोर मिश्र ने कराई। महासचिव सत्यवान नायक ने स्वागत भाषण और मंदिर विकास कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मंदिर विकास में योगदान देने वाले 50 दानदाताओं को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न देकर श्री जगन्नाथ सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में अदिति सतपथी, सीमांचल बेहेरा, संजय मिश्रा, मनीष शर्मा, विजयलक्ष्मी पाणिग्रही, त्रिनाथ साहू, वीरेंद्र सतपथी, डॉ. अजय गुप्ता सहित 50 विभूतियां शामिल हैं। अंत में बसंत प्रधान ने आभार व्यक्त किया और सभी ने महाभोग प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में त्रिनाथ साहू, बृंदावन स्वाईं, बी.सी. बिस्वाल, भीम स्वाईं, सुशांत सतपथी सहित समिति के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

### सरकारी सेवाओं के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे बार-बार चक्कर


**दुर्ग।** शासकीय सेवाओं को आम नागरिकों तक आसान तरीके से पहुंचाने की दिशा में सेवा सेतु केंद्र उपयोगी साबित हो रहा है। इसके माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ मिल रहा है। पाटन तहसील के ग्राम खोरपा निवासी रामशरण यादव को भी इस सुविधा से काफी सहूलियत मिली। रामशरण यादव ने आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 03 सितंबर 2026 को तहसील कार्यालय पाटन स्थित सेवा सेतु केंद्र में आवेदन किया था। आवेदन के लगभग एक माह बाद 10 अक्टूबर 2026 को उन्हें तीनों प्रमाण पत्र प्राप्त हो गए। रामशरण यादव ने बताया कि पहले इन प्रमाण पत्रों के लिए अलग-अलग कार्यालयों में जाना पड़ता था।

# धर्मनगरी दुर्ग शहर में हुआ शिव-शक्ति का अद्भुत और अलौकिक मिलन

## उज्जैन के मनमहेश चंद्रमौलेश्वर महाकाल ने गंजपारा में दिए दर्शन, भव्य स्वागत व महाआरती में झूम उठे श्रद्धालु

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*





छत्तीसगढ़ की धर्मनगरी दुर्ग के गंजपारा स्थित श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर में आज शिव-शक्ति का अद्भुत एवं अलौकिक मिलन देखने को मिला। बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन से भगवान भोलेनाथ की विशेष प्रतिमा, मनमहेश चंद्रमौलेश्वर महाकाल जी का शुभागमन हुआ। यह वही दिव्य प्रतिमा है, जो उज्जैन में प्रतिवर्ष निकलने वाली बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा में विराजमान होती है।

उल्लेखनीय है कि बाबा महाकाल की यह प्रतिमा उज्जैन से जगन्नाथ पुरी के लिए प्रस्थान कर रही है, जहां भगवान जगन्नाथ (हरि) एवं भगवान शिव (हर) का अद्भुत मिलन होगा। इसके पश्चात प्रतिमा पुनः उज्जैन लौटेगी। प्रतिमा के साथ उज्जैन के महाराज कुलदीप गुरु भी दुर्ग पहुंचे। उनके द्वारा प्रतिवर्ष उज्जैन में बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा निकाली जाती है। इस अवसर पर कुलदीप गुरु ने उपस्थित धर्मप्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि सदैव माता रानी एवं बाबा की सेवा निस्वार्थ भाव से करनी चाहिए तथा घर से निकलने से पहले अपने माता-पिता का आशीर्वाद अवश्य लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिव का अर्थ पिता और शक्ति का अर्थ माता है। जो अपने माता-पिता को ही शिव-शक्ति मानकर उनकी पूजा एवं सेवा करते हैं, उनका जीवन सदैव सुखमय रहता है।

भोले बाबा के भक्त ऋषि मिश्री गुप्ता ने बताया कि बाबा महाकाल की प्रतिमा का सर्वप्रथम सत्ती माता, सतीश्वर महादेव एवं बजरंगबली मंदिर में विधिवत मिलन कराया गया। इसके पश्चात प्रतिमा को श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर लाया गया, जहां मंदिर समिति द्वारा ढोल-बाजे एवं भव्य आतिशबाजी के साथ बाबा का जोरदार स्वागत किया गया। दुर्ग-भिलाई के धार्मिक इतिहास में यह एक विशेष एवं अविस्मरणीय अवसर रहा, जब उज्जैन के महाकाल स्वयं अपनी दिव्य प्रतिमा के रूप में दुर्ग पहुंचे और शहर के धर्मप्रेमियों को उज्जैन के बाबा महाकाल के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

मंदिर परिसर में शिव-शक्ति के इस दिव्य मिलन के पश्चात बाबा महाकाल की भव्य महाआरती की गई। आरती के दौरान ढोल, ताशा एवं झांझ की गूंज से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर महाराज कुलदीप गुरु ने एक पैर पर खड़े होकर झूमते हुए बाबा महाकाल की महाआरती की। उनका यह अद्भुत भक्तिमय स्वरूप उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। आरती के दौरान उपस्थित धर्मप्रेमी भी भक्ति में सराबोर होकर झूम उठे।

बाबा महाकाल का रात्रि विश्राम समिति के सदस्य एवं भक्त मिश्री गुप्ता के निवास पर हुआ। इसके पश्चात सुबह बाबा महाकाल की प्रतिमा को भगवान जगन्नाथ पुरी में हरि-हर के दिव्य मिलन हेतु विधिवत विदाई देकर रवाना किया गया। यह पूरा आयोजन दुर्गवासियों के लिए आस्था, श्रद्धा और भक्ति का ऐसा अलौकिक अनुभव बन गया, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

पूरे आयोजन में अशोक राठी महेश टावरी तारा मिश्री गुप्ता प्रतिभा सुरेश गुप्ता पार्षद दुर्गा अग्रवाल मिथिला शर्मा चंदा शर्मा तारा पुरोहित सरिता राजेश शर्मा अर्चना गोपाल शर्मा चंचल संजय शर्मा किरण मनीष सेन आभा गोपाल शर्मा चंचल ललित शर्मा ईशान शर्मा मनोज गुप्ता पिंकी गुप्ता विनय मिश्रा राकेश महोबिया लक्ष्मी यादव मनोज गुप्ता लाला विनय मिश्रा राहुल शर्मा मनोज शर्मा दिनेश पुरोहित हर्षद पारख मोहित पुरोहित चिंटू शर्मा वाशु शर्मा अनीता अग्रवाल प्रीति राजगढ़िया लक्की अग्रवाल प्रकाश सिन्हा ललिता जायसवाल सुयश गुप्ता नमन खंडेलवाल गोलू गुप्ता सोनल सेन सार्थक शर्मा मोक्ष शर्मा सिद्धू सेन विक्रांत दुबे आकाश दुबे सैकड़ों भक्त एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे



# भिलाई को राज्योत्सव पर बड़ी सौगात, बीएसपी आवास रिटेंशन 6 रुपये प्रति वर्गफीट पर तय



## सांसद विजय बघेल का नागरिकों ने किया स्वागत

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर भिलाई वासियों को बड़ी राहत मिली है। भिलाई इस्पात संयंत्र के आवासों में रह रहे रिटेंशनधारी और थर्ड पार्टी आवासधारियों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो गया है। सांसद विजय बघेल और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे के प्रयासों और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में इरद आवास रिटेंशन स्कीम में 6 रुपये प्रति वर्गफीट की दर पर सहमति बनी है।

इस फैसले के बाद हजारों लोगों ने सांसद विजय बघेल का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत और आभार व्यक्त किया। जनहित संघर्ष समिति ने भी आभार जताया। भाजपा प्रदेश संवाद प्रमुख झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ शारदा प्रसाद गुप्ता ने कहा कि यह भिलाई की जनता की बड़ी जीत है, सांसद ने दिल्ली से लेकर भिलाई तक मुद्दे को मजबूती से उठाया। इस दौरान कन्हैया सोनी, सुभाष साव, विनोद उपाध्याय, निशु पांडे, वीरेंद्र साहू, राजेश सिंह, मनोज तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मीडिया कर्मियों के लिए स्वास्थ्य व दुर्घटना बीमा सुरक्षा योजना, योजना के प्रारूप पर सुझाव आमंत्रित

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में कार्यरत मीडिया कर्मियों को स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य शासन ने पहल की है। इसके लिए छत्तीसगढ़ मीडिया कर्मी स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना-2026 का प्रारूप तैयार किया गया है। योजना के प्रारूप और उसके क्रियान्वयन के संबंध में एक से 30 नवंबर 2026 तक सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं। तैयार प्रारूप को जनसंपर्क विभाग की वेबसाइट www.dprcg.gov.in पर प्रकाशित कर सुझाव लिया जा रहा है। मीडियाकर्मी योजना के प्रारूप और इसके क्रियान्वयन के संबंध में अपने सुझाव ईमेल chhattisgarhmediakarmi@gmail.com पर भेज सकते हैं। सुझाव भेजने के लिए एक माह की अवधि प्रस्तावित की गई है।

# नगर निगम चुनाव को लेकर दुर्ग पुलिस अलर्ट, एसएसपी ने ली क्राइम मीटिंग



*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

आगामी नगर निगम चुनाव, कानून-व्यवस्था और लंबित अपराधों की समीक्षा को लेकर रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 भिलाई में एसएसपी विजय अग्रवाल ने क्राइम मीटिंग ली। सभी राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

**एसएसपी के मुख्य निर्देश :** निगम



## संवेदनशील बूथों पर नजर रखने के दिए गए निर्देश

चुनाव के लिए संवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी जुटाकर पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, बॉन्ड ओवर और रात्रि गश्त बढ़ाएं। 60, 90 और 140 दिन वाले लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण। गृहभेदन, चोरी, जुआ-सट्टा, संगठित अपराध पर लगातार कार्रवाई। NCRP पोर्टल की लंबित शिकायतों, साइबर फ्रॉड और महिला संबंधी शिकायतों पर तत्काल FIR। सभी वारंटों की शत-प्रतिशत तामीली, न्यायश्रुति ऐप से कोर्ट पेशी। पट्टाखा फैक्ट्री और लाइसेंसी विक्रेताओं का निरीक्षण, अग्नि सुरक्षा जांच।

एसएसपी ने कहा कि थाना स्तर पर हर शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई हो और शिकायतकर्ता परेशान न हो। डायल-112 का प्रभावी उपयोग और मुखबिर तंत्र मजबूत करने को कहा।

# वैशाली नगर में आप की हुंकार, बोले प्रभारी अहलावत - दीवाली बाद महापौर प्रत्याशी का ऐलान, भिलाई निगम मजबूती से लड़ेंगे



*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

आम आदमी पार्टी ने भिलाई नगर निगम चुनाव के लिए बिगुल फूंक दिया है। रविवार को वार्ड 29 अर्जुन नगर में वैशाली नगर विधानसभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक हुई। मुख्य अतिथि दिल्ली के विधायक, पूर्व मंत्री और छत्तीसगढ़ अऊध प्रभारी मुकेश अहलावत और विशेष अतिथि सह प्रभारी समर कुमार रहे।

**बीजेपी सरकार पर हमला**

अहलावत ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री केंद्र के इशारे पर काम कर रहे हैं और प्रदेश के संसाधन उद्योगपतियों को लुटाए जा रहे हैं। बीजेपी आने के बाद बिजली दरें बेतहाशा बढ़ी हैं। महतारी वंदन में थोड़ा पैसा देकर बिजली बिल से तीन गुना वसूली हो रही है।



**निगम चुनाव का ऐलान :** अहलावत ने कहा कि आप भिलाई निगम चुनाव मजबूती से लड़ेगी। दिल्ली-पंजाब मॉडल की तरह विश्वस्तरीय स्कूल, अस्पताल और सफाई व्यवस्था का वादा किया। दीपावली के तुरंत बाद महापौर प्रत्याशी घोषित किया जाएगा, जो जमीन पर जनता के लिए संघर्ष कर रहा हो। बैठक में दर्जनों लोगों ने AAP की सदस्यता ली। इस दौरान जसप्रीत सिंग, डॉ एस अग्रवाल, मेहरबान सिंह, बलविंदर सिंह, संजीव विश्वकर्मा, रवि साहू सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सुशासन की सरकार में हर वर्ग का विकास: विधायक ललित चंद्राकर



*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

राज्य स्थापना दिवस और राज्योत्सव पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन, विकास और जनकल्याण की नई इबारत लिखी जा रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। दुर्ग ग्रामीण में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, भवन, नाली, पुल-पुलिया, पेयजल और विद्युत जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता से विकसित किया जा रहा है।

## किसान और महिला कल्याण पर फोकस

विधायक चंद्राकर ने बताया कि 25 लाख से अधिक धान किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ, 73 लाख परिवारों को निःशुल्क राशन, 22 लाख गरीब परिवारों को पक्का आवास, 41 लाख घरों में नल-जल, 40 लाख परिवारों को गैस कनेक्शन और ढाई करोड़ आयुष्मान कार्ड से स्वास्थ्य सुरक्षा दी जा रही है। महतारी वंदन योजना में 68 लाख माताओं-बहनों को प्रतिमाह 1000 रुपये मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाइयों पर है।

# राज्योत्सव : सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, कला और भक्ति संगीत के रंगों से सराबोर हुए दर्शक

## मैं अयोध्या हूं के नाट्य मंचन में दिखी भारतीय संस्कृति, आस्था और गौरवशाली इतिहास की झलक, लोकप्रिय पार्श्व गायिका स्वास्ति मेहुल की भक्तिमय प्रस्तुतियों ने राज्योत्सव की शाम को भक्तिरस में डुबोया



नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

राज्योत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, कला और भक्ति संगीत के रंगों से सराबोर हुए दर्शकछत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2026 के दूसरे दिन नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव मैदान में कला, संस्कृति, आस्था और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। मुख्य मंच पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति की गौरवशाली विरासत से परिचित कराया। वहीं छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत, शास्त्रीय नृत्य और आधुनिक संगीत की प्रस्तुतियों ने राज्योत्सव की शाम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका ने दूसरे दिन प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को सम्मानित कर बधाई दी।

मुख्य मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत विशेष नाट्य प्रस्तुति मैं अयोध्या हूं से हुई। एक घंटे की इस नाट्य प्रस्तुति में अयोध्या की ऐतिहासिक, धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत को प्रभावशाली अभिनय एवं कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। नाट्य मंचन में भारतीय संस्कृति, आस्था, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास की झलक देखने को मिली। कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से भारतीय सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक मूल्यों को जीवंत किया और राम मंदिर निर्माण के इतिहास, आस्था और संस्कृति के इस अनूठे संगम ने दर्शकों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराया।

### स्वास्ति मेहुल की सुरीली आवाज से सजी सांस्कृतिक संध्या



राज्योत्सव की सांस्कृतिक संध्या में राम आयेंगे फेम प्रसिद्ध पार्श्व गायिका सुश्री स्वास्ति मेहुल ने अपनी सुरीली आवाज और भक्ति प्रस्तुति से राज्योत्सव की शाम को भक्ति के रस में सराबोर कर दिया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति से आम जन को भक्ति मय माहौल बना दिया। 'राम आएंगे.....' में जहां लोग झूमते नजर आए और 'कान्हा आन बसो वृंदावन...' ने लोगों को वृंदावन की कृष्ण भक्ति धारा में विभोर कर दिया।

### कंचन ने छत्तीसगढ़ी गानों से सभी को नचाया

छत्तीसगढ़ी पार्श्व गायिका कंचन जोशी ने छत्तीसगढ़ी गानों से सभी का मन मोह लिया। मोला ले दे ना राजा सोन के नथनी....., मोर मन झूमे..... और कर ले तै मया के चिन्हारी..... गानों को सुन कर श्रोता बरबस ही अपनी जगह पर ही झूमने लगे। कंचन जोशी ने छत्तीसगढ़ी गानों की मिठास से सभी को सम्मोहित कर लिया।

### शिल्पग्राम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जीवंत हुई छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति

राज्योत्सव के मुख्य मंच के साथ ही शिल्पग्राम में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक छटा बिखरी। यहां आयोजित 11 सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत, पंडवानी, सुआ नृत्य, ओडिसी, कथक, सूफी संगीत, गजल और लोकमंच जैसी विविध कलाओं का आकर्षक संगम देखने को मिला।

शिल्पग्राम के मंच पर श्रीमती प्रसन्ना अवस्थी ने लोकसंगीत एवं नृत्य तथा सुश्री सुष्मिता दास ने ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति दी। दुर्ग की सुश्री समप्रिया पूजा निषाद ने छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायन परंपरा को जीवंत किया। बिलासपुर के श्री अंकित निर्मलकर ने सूफी, गजल एवं सुगम गायन के माध्यम से संगीत के विविध रंग बिखेरे।



गरियाबंद की सुश्री मिलवंतीन बाई ने पारंपरिक सुआ नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। रायपुर की सुश्री मेघा बोस ताम्रकार ने लोकसंगीत की प्रस्तुति दी। वहीं सुश्री आंचल पाण्डेय और श्रीमती विनीता त्रिपाठी ने कथक नृत्य के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा की सुंदर अभिव्यक्ति की। धमतरी की सुश्री रुखमनी दीवान और तेजराम साहू ने लोकमंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोकजीवन, परंपराओं और सामाजिक संस्कृति को प्रस्तुत किया। आदित्य मिश्रा बैंड की संगीतमय प्रस्तुति ने भी सांस्कृतिक आयोजन में विशेष रंग भरे।

### पंडवानी और सुआ नृत्य में दिखी छत्तीसगढ़ की लोकआस्था और परंपराओं की झलक

शिल्पग्राम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोककलाओं की विशेष झलक देखने को मिली। पंडवानी गायन के माध्यम से महाभारत की कथाओं को विशिष्ट गायन और अभिनय शैली में प्रस्तुत किया गया। वहीं पारंपरिक सुआ नृत्य ने छत्तीसगढ़ के सामूहिक जीवन, लोकआस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत किया। ओडिसी और कथक नृत्य की प्रस्तुतियों ने भारतीय शास्त्रीय कला की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया। सूफी संगीत, गजल और सुगम गायन ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संगीत के विविध रंग जोड़े।

### स्थानीय कलाकारों को मिला प्रतिभा प्रदर्शन का बड़ा मंच

राज्योत्सव के दूसरे दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। राज्यस्तरीय मंच पर लोककलाओं की प्रस्तुतियों ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता और समृद्ध परंपराओं को नई पहचान दी। राज्योत्सव के माध्यम से प्रदेश की लोककलाओं के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और गौरवशाली परंपराओं से जुड़ने की प्रेरणा मिल रही है।

---

**खास खबर**

## मुख्यमंत्री ने भारत मंडपम में छत्तीसगढ़ की हरित ऊर्जा एवं निवेश संभावनाओं पर केंद्रित पुस्तक का किया विमोचन




नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

**पुस्तक में राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा नीति, ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के अवसरों और ग्रीन एनर्जी से जुड़ी पहलों का समावेश**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट एवं एक्सपो-2026 के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रदर्शनी स्टॉल पर राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा नीति, निवेश संभावनाओं और हरित ऊर्जा विकास पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक में छत्तीसगढ़ की रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी, ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के अवसरों, ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने की योजनाओं तथा राज्य में स्वच्छ एवं सतत ऊर्जा विकास की संभावनाओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ ऊर्जा क्षेत्र में निवेश और नवाचार के नए अवसरों के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार का लक्ष्य हरित ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना है। यह पुस्तक निवेशकों और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े हितधारकों को छत्तीसगढ़ की नीतियों, उपलब्ध संसाधनों तथा भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शहरी स्वच्छता और बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन को मिलेगी मजबूती : मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े



**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर जिले की नगर पंचायत शिवनंदनपुर में 65.07 लाख रुपये की लागत से बनने वाले एमआरएफ-एसएलआरएम सेंटर के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस केंद्र के निर्माण से नगर में कचरे के पृथक्करण, पुनर्चक्रण और अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। यह पहल नगर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के साथ स्वच्छ एवं सुंदर शिवनंदनपुर के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। केंद्र के माध्यम से कचरे के व्यवस्थित प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा और नगर को स्वच्छ बनाए रखने के प्रयासों को गति मिलेगी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल, बाबूलाल अग्रवाल, अजय गोयल, ललित गोयल, मनीबग्गा, अंशुल गोयल सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

---

# ऊर्जा क्षेत्र में 5.60 लाख करोड़ रुपए के निवेश की संभावनाओं के साथ आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़

## वर्ष 2030 तक 15 हजार मेगावाट हरित ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य, 130 से अधिक देशों की भागीदारी वाले वैश्विक ऊर्जा सम्मेलन में छत्तीसगढ़ ने प्रस्तुत की निवेश की व्यापक संभावनाएं

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर-नईदिल्ली



नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो 2026 में छत्तीसगढ़ ने ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाओं और भविष्य की अपनी योजनाओं को प्रमुखता से प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार दिवसीय इस वैश्विक सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय मंत्रियों और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में आयोजित उच्चस्तरीय गोलमेज बैठक में भाग लिया। उन्होंने अगले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ के ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 5.60 लाख करोड़ रुपए के निवेश की संभावनाओं की जानकारी देते हुए देश-विदेश के निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी तथा केंद्रीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्षेत्र के विस्तार के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत 23 हजार 923 मेगावाट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में लगभग 1.33 लाख करोड़ रुपए तथा ताप विद्युत उत्पादन क्षमता के विस्तार में लगभग 3.27 लाख करोड़ रुपए के निवेश की योजना है। राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक प्रदेश की हरित ऊर्जा क्षमता को वर्तमान 3 हजार मेगावाट से बढ़ाकर 15 हजार मेगावाट करने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही बिजली की कुल मांग में हरित ऊर्जा की हिस्सेदारी वर्तमान 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 45 प्रतिशत से अधिक करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वर्ष 2030 तक गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन क्षमता विकसित करने का राष्ट्रीय लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में छत्तीसगढ़ महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 28 हजार मेगावाट से अधिक है। बिजली की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ताप विद्युत के साथ-साथ सौर ऊर्जा, जल विद्युत, बायोमास और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का संतुलित विकास कर रही है।

### पंप स्टोरेज, बैटरी और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश की बड़ी संभावनाएं

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में बिजली की निर्बाध और भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा भंडारण सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत 12 हजार 300 मेगावाट की कुल क्षमता वाली 10 पंप स्टोरेज जल विद्युत परियोजनाओं की पहचान की गई है। इन परियोजनाओं में लगभग 65 हजार करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में प्रदेश में 10 हजार मेगावाट-घंटे क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली स्थापित करने की योजना है। राजनांदगांव में 100 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना के साथ 40 मेगावाट/120 मेगावाट-घंटे क्षमता की बैटरी भंडारण प्रणाली पहले से संचालित है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजनांदगांव जिले का खैरा गांव छत्तीसगढ़ का पहला पूर्ण रूप से सौर ऊर्जा से संचालित गांव बन गया है। यहां सभी 141 घरों के छतों पर 2-2 किलोवाट के सोलर पैनल लगाए गए हैं, जिनसे कुल 282 किलोवाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। विशेष बात यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित 93 घरों में भी सौर ऊर्जा से बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए ग्रामीणों को कोई खर्च नहीं करना पड़ा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि राज्य सरकार घरों और खेतों तक सौर ऊर्जा का लाभ पहुंचाने के लिए भी तेजी से कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रदेश में अब तक लगभग 1.26 लाख सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इसी प्रकार प्रदेश में 1.66 लाख सौर सिंचाई पंपों के माध्यम से लगभग 1.94 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई की जा रही है। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत भी कुल 395 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना है।

### बायोगैस, एथेनॉल, ग्रीन हाइड्रोजन और परमाणु ऊर्जा पर भी विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कृषि अवशेष, गोबर और अन्य जैविक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता है। इनके उपयोग से कंप्रेस्ड बायोगैस, बायो-एथेनॉल और ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन की व्यापक संभावनाएं हैं। राज्य सरकार इन संभावनाओं को नए उद्योगों और निवेश के अवसरों में बदलने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 80 मीट्रिक टन क्षमता वाले आठ कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित करने की दिशा में कार्य चल रहा है। इनमें लगभग 800 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त निजी निवेशकों से प्राप्त लगभग 6 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों पर भी प्रक्रिया जारी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य में लगभग 4 हजार 200 मेगावाट क्षमता के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों सहित विभिन्न ऊर्जा परियोजनाओं में लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपए के निवेश की परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार औद्योगिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाते हुए आगे बढ़ रही है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश की ऊर्जा क्षमता का अधिकतम उपयोग हो, नए उद्योग स्थापित हों और रोजगार के अधिक अवसर सृजित हों।

### वैश्विक निवेशकों के सामने प्रस्तुत की छत्तीसगढ़ की ऊर्जा क्षमता

सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के स्टॉल का अवलोकन किया। यहां प्रदेश की प्रमुख ऊर्जा परियोजनाओं, नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों, आधुनिक तकनीक के उपयोग और निवेश की संभावनाओं को प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री ने स्टॉल पर उपस्थित अधिकारियों से विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने सम्मेलन में देश-विदेश से आए निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से चर्चा भी की। उन्होंने छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीतियों, उपलब्ध संसाधनों, ऊर्जा क्षेत्र में विकसित हो रही अधोसंरचना और निवेश के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार ऊर्जा क्षेत्र में निवेश और नई परियोजनाओं की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उल्लेखनीय है कि 2 से 5 नवंबर तक आयोजित इस वैश्विक सम्मेलन में 130 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इनमें 40 से अधिक मंत्री, नीति निमार्ता, निवेशक और ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम सहित नौ देश एवं समूह इस आयोजन में केंद्री पार्टनर के रूप में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में आज छत्तीसगढ़ सहित 13 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने अपनी ऊर्जा क्षमता तथा निवेश की संभावनाओं को प्रस्तुत किया। 'निवेश, नवाचार और प्रेरणा' की थीम पर आयोजित इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ को अपनी पारंपरिक बिजली उत्पादन क्षमता के साथ-साथ हरित ऊर्जा, आधुनिक तकनीक और ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में भविष्य की योजनाओं को वैश्विक निवेशकों के सामने रखने का महत्वपूर्ण अवसर मिला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह सहित छत्तीसगढ़ के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

---

**निरीक्षण**

## उप मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन प्रवेश द्वार, स्विमिंग पूल, नालंदा परिसर और नगर पालिका भवन के कार्यों का किया निरीक्षण

# निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, तय समय में पूरे करें सभी काम

नई दृष्टिबिंदु / रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आज मुंगेली नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने निमार्णाधीन प्रवेश द्वार, स्विमिंग पूल, नालंदा परिसर और नगर पालिका भवन का निरीक्षण कर अधिकारियों से कार्यों की प्रगति और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। श्री साव ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए अधिकारियों से कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे हों और निर्माण में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए। श्री साव के साथ विधायक धरमलाल कौशिक भी निरीक्षण के दौरान मौजूद थे।



उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सबसे पहले साइंस कॉलेज के पास नवागढ़ रोड पर निमार्णाधीन प्रवेश द्वार का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने स्विमिंग पूल और नालंदा परिसर के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने दोनों निमार्णाधीन परिसरों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा। श्री साव ने नगर पालिका भवन के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए इन्हें निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब और लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अधिकारी कार्यों की प्रगति पर विशेष ध्यान दें और इन्हें समय पर पूरा कराएं।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री साव कर्मा माता मंदिर भी पहुंचे। उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़वासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रदेश की निरंतर उन्नति और प्रगति के लिए भी प्रार्थना की।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से ओड़गी में सड़क-पुल निर्माण को मिली स्वीकृति

नई दृष्टिबिंदु / सूरजपुर

सूरजपुर जिले के ओड़गी विकासखंड के ग्राम पंचायत खालबहारा में सड़क संपर्क को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से खालबहारा मेन रोड से पंचायत भवन तक 1.50 किलोमीटर लंबे मार्ग का पुल-पुलियों सहित निर्माण स्वीकृत हुआ है। लोक निर्माण विभाग ने इस कार्य के लिए 1 करोड़ 65 लाख 85 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

इस मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को पंचायत भवन तक पहुंचने में सुविधा होगी। पंचायत भवन ग्रामीणों के लिए स्थानीय स्तर पर विभिन्न कामों और बैठकों का प्रमुख केंद्र होता है। सड़क बनने से वहां तक आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए आने-जाने में सहूलियत मिलेगी। मार्ग में पुल-पुलियों का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे सड़क संपर्क को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। राज्य शासन ने यह स्वीकृति वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल कार्य के अंतर्गत प्रदान की है। स्वीकृति आदेश के अनुसार निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले तकनीकी स्वीकृति और निविदा सहित निर्धारित प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। साथ ही, कार्य शासकीय भूमि पर और उपलब्ध बजट की सीमा के भीतर कराया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क का विस्तार स्थानीय आवागमन और सार्वजनिक सुविधाओं तक पहुंच को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाता है।

## संपादकीय

# विपक्ष को मोदी याद दिला रहे हैं उसका काम

**लोकतंत्र में पक्ष व विपक्ष दोनों को जनता चुनाव में जनादेश देती है। जनता सत्ता जिसको सौंपती है, उसे देशहित व जनहित में काम करने का दायित्व सौंपती है तथा विपक्ष को वह सत्तारूढ़ दल जनहित व देशहित में ठीक से काम कर रहा है या नहीं यह देखने का काम सौंपती है। जब सत्तारूढ़ दल अपना काम ठीक से करता है तो जनता उसे दूसरी बार व तीसरी बार सत्ता भरोसे के साथ सौंपती है कि वह दो बार अच्छा काम करके दिखाया है तो तीसरी बार भी इसी उम्मीद में सत्ता सौंपती है कि वह दो बार अच्छा काम करी है तो तीसरी बार भी अच्छा काम करेगी। वहीं विपक्ष अपना काम दूसरी बार अच्छे से नहीं करता है तो उसे फिर वही काम सौंप दिया गया है कि वह अपना काम तो अच्छे से करके दिखाए। साथ ही यह संदेश भी जनता ने दे दिया है कि अगर विपक्ष अपना काम ठीक से नहीं करता है तो उसे अगली बार भी फिर वही काम अच्छे से करने के लिए सौंपा जाएगा। लोकतंत्र में विपक्ष को काम होता है सरकार का बताना होता है कि आप की यह नीति जनता व देश के लिए ठीक नहीं है उसका काम होता है सरकारी नीतियों की खामी बताना।**

यह काम वह ठीक से नहीं करता है तो जनता उसे सत्ता के लायक नहीं समझती है और उसे फिर से मौका देती है कि वह अपना काम ठीक से करके दिखाए। देश में पहली बार ऐसा हो रहा है कि विपक्ष से ठीक से काम नहीं कर रहा है तो जनता बार बार विपक्ष में बिठाकर संदेश दे रही है कि आप को सत्ता तब ही सौंपी जाएगी जब आप विपक्ष का काम ठीक से करोगे ।यह भी पहली बार हुआ है कि सत्तारूढ़ दल के मुखिया पीएम मोदी को भी कहना पड़ रहा है कि विपक्ष अपना काम ठीक से नहीं कर रहा है। वह अपना काम छोड़कर ऐसा काम कर रहा है जिससे देश को नुकसान हो रहा है ।विपक्ष का काम सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना है लेकिन जब सरकार की गलत नीतियों की जगह देश के विकास का अवरोध करता है तो इससे देश को नुकसान होता है,विकास प्रभावित होता है ।

देश का विपक्ष विरोध की जगह अवरोध की राजनीति कर रहा है,इसलिए पीएम मोदी को जनता को बताना पड़ रहा है कि आपने जिसे विपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है, वह अपना काम ठीक से नहीं कर रहा है ।वह विरोध की जगह अवरोध की राजनीति कर रहा है ।वह यह भी बता रहे हैं कि अवरोध की राजनीति तो देश के कई राज्यों में नक्सली करते रहे हैं और उससे छत्तीसगढ़ सहित कई राज्य विकास के मामले में पिछड़ गए थे। माना गया था कि जब तक राज्यों से नक्सलियों का सफाया नही हो जाता राज्यों को तेजी से विकास नहीं हो सकता। जनता व पुलिस,सुरक्षा बलों के सहयोग से नक्सलियों का सफाया हो गया है लेकिन अब शहरों में रहने वाले दिमागी नक्सली वही अवरोध की राजनीति कर रहे हैं और राज्य व देश के विकास को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। वह आए दिन देश की राजधानी में ऐसे आयोजन करते हैं जिससे देश का विकास,व्यापार प्रभावित होता है ।पीएम मोदी लोगों को आगाह कर रहे है कि दिमागी नक्सली व देशविरोधी ताकतें भारत के विभाजन की साजिश रच रही हैं,वह आपस मे लोगों को लड़ाकर देश में अराजकता फैलाना चाहती हैं,देश के लोगों को इससे सतर्क रहते हुए इनसे निपटना होगा ।देश से माओवादियों का अंत तो हो गया लेकिन दिमागी नक्सली का खतरा टला नहीं है ।देश की जनता को इनसे सतर्क रहना होगा,इनसे मुकाबला करना होगा ।

नक्सलियों की क्या पहचान थी, नक्सली संविधान को नहीं मानते थे,अदालत को नहीं मानते थे, वह सरकार को नहीं मानते थे,वह जहां भी रहते थे तो अपना कानून चलाते थे, अपनी अदालत लगाते थे, खुद की जज बनकर आम लोगों को सजा देते थे ।लोकतंत्र में तो दो ही अदालत होती है, एक जनता की अदालत और एक न्याय की अदालत ।जिनका लोकतंत्र में भरोसा होता है, वह चुनाव जरिए जनता की अदालत में जाता है और जनता जो फैसला देती है उसे मानता है,यदि देश में कुछ संविधान के अनुरूप नहीं होता है तो वह अदालत जाता है और अदालत के फैसले के इंतजार करता है ।जो लोकतंत्र में यकीन नहीं करते हैं वह अदालत के फैसले का इंतजार नहीं करते हैं और खुद ही माक पार्लियामेंट का आयोजन देश की राजधानी में एक घर में कर फैसला सुनाते हैं कि सीईसी दोषी है। 24 का चुनाव अवैध है ।

कांग्रेस व विपक्षी गठबंधन का माक पार्लियामेंट के आयोजन की तुलना तो नक्सलियों के जनअदालत से की जा सकती है जिसमें नक्सली जिसको खुद ही किसी को दोषी मान लेते हैं,उसके लिए नाम को जनअदालत का आयोजन करते थे,उसमें ग्रामीणों को बुलाते थे और वह जिसे दोषी मानते थे,उसे कुछ कहने का मौका दिए बगैर सजा सुना देते है और वह सजा मौत की होती थी ।नक्सलियों की जनअदालत ग्रामीणों में आंतक पैदा करने वाली होती थी ताकि उनके खिलाफ कोई कुछ न करे । उनके आतंक के साए में डरकर रहे और वह जो कहते है,करते हैं, उसी ही जनता सही माने ।कांग्रेस व विपक्षी गठबंधन की मानसिकता भी यही हो गई है कि वह चाहते हैं कि वह जो कुछ कह रहे हैं,उसे जनता ठीक माने, वह जो कुछ कर रहे है,उसे जनता सही माने ।भले ही संविधान व संसद की गरिमा के प्रतिकूल ही क्यों न हो देश की जनता विवेकवान है, वह हर चुनाव में अपने विवेक से फैसला देती है। पीएम मोदी ने जनता का आगाह किया है तो चुनाव में फिर एक बार जनता कांग्रेस व गठबंधन के आचार विचार पर अपना जरूर देगी।

# गरीबी से मुक्ति : भारत में उम्मीद का नया उजाला

*ललित गर्ग*

**किसी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति का आकलन केवल उसकी आर्थिक विकास दर, सकल घरेलू उत्पाद, औद्योगिक विस्तार अथवा वैश्विक आर्थिक रैंकिंग से नहीं किया जा सकता। विकास की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, निर्धनता का दायरा सिमटे, सामान्य नागरिक के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि का संचार हो, गरीबी का कलंक मिटे तथा आर्थिक अवसरों पर सबका समान अधिकार स्थापित हो। इस दृष्टि से भारत में गरीबी और निर्धनता के स्तर में आई उल्लेखनीय गिरावट एक ऐतिहासिक उपलब्धि और न्य भारत के निर्माण का शुभ संकेत है। विश्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट में भारत की इस प्रगति को वैश्विक स्तर पर गरीबी में आई सबसे तेज गिरावटों में से एक माना जाना इस उपलब्धि को और महत्वपूर्ण बनाता है। यह केवल आर्थिक आंकड़ों का परिवर्तन नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की कहानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में गरीबी उन्मूलन की दिशा में किए गए प्रयासों का यह एक महत्वपूर्ण परिणाम है, एक शुभ एवं श्रेयस्कर भविष्य की आहट है।**



विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2011 से 2023 के बीच भारत में अत्यधिक निर्धनता की दर 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत रह गई। इसी अवधि में 4.20 डॉलर प्रतिदिन की अंतरराष्ट्रीय निर्धनता सीमा के अंतर्गत आने वाली आबादी का अनुपात 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत हो गया। इसका अर्थ है कि लगभग 49.6 करोड़ लोग गरीबी के दायरे से बाहर आए। वर्ष 2028 तक इस अनुपात के 12.1 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान भी व्यक्त किया गया है। ये आंकड़े भारत की आर्थिक और सामाजिक यात्रा में एक बड़े परिवर्तन के प्रमाण हैं। विशेष बात यह है कि भारत ने इतनी बड़ी आबादी, व्यापक सामाजिक विविधता और कोविड जैसी वैश्विक महामारी की चुनौतियों के बावजूद निर्धनता कम करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, यह मोदी सरकार की युगान्तरकारी जन-कल्याण योजनाओं एवं गरीबी उन्मूलन के संकल्पों का ही परिणाम है। इस परिवर्तन के पीछे केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि विकास को जनकल्याण से जोड़ने की नीति भी महत्वपूर्ण रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल, आयुष्मान भारत, मुद्रा योजना और मुफ्त खाद्यान्न वितरण जैसी योजनाओं ने निर्धन परिवारों के जीवन में व्यापक बदलाव लाने का काम किया है। इन योजनाओं की विशेषता यह है कि इन्होंने गरीबी को केवल आय की कमी के रूप में नहीं देखा, बल्कि आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, भोजन और वित्तीय समावेशन जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से जोड़कर उसका समाधान करने का प्रयास किया है।

किसी निर्धन परिवार को पक्का मकान मिलना केवल आवास की उपलब्धता नहीं, बल्कि उसे संपत्ति, सुरक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा प्रदान करना है। घर में बिजली, शौचालय और नल से जल की सुविधा उपलब्ध होना उसके जीवन की गुणवत्ता में बुनियादी परिवर्तन लाता है। जनधन खातों और आधार जैसी व्यवस्थाओं ने नागरिकों को वित्तीय एवं वैधानिक पहचान प्रदान की है। आयुष्मान भारत ने स्वास्थ्य संकट के समय गरीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा देने का आधार तैयार किया है। विश्व बैंक ने गरीबी में कमी के प्रमुख कारणों में उपभोग में वृद्धि, रोजगार के अवसरों का विस्तार, विशेषकर महिलाओं की रोजगार में बढ़ती भागीदारी और खाद्य सब्सिडी सहित सामाजिक कल्याणकारी हस्तांतरणों की भूमिका को रेखांकित किया है। वर्ष 2017 से 2023 के बीच रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की वृद्धि होना भी महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसमें ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती आर्थिक सक्रियता परिवारों की आय बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक आत्मनिर्भरता और निर्णय क्षमता को भी मजबूत करती है। ग्रामीण भारत में निर्धनता की तेज गिरावट ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक अंतर को भी कम करने में योगदान दिया है।

एक अन्य महत्वपूर्ण संकेतक गिनी सूचकांक है, जिसके माध्यम से आय अथवा उपभोग के वितरण में असमानता का आकलन किया जाता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार भारत का उपभोग आधारित गिनी सूचकांक 23 तक पहुंचा है, जो अपेक्षाकृत कम असमानता का संकेत देता है। यह अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों की तुलना में भारत की बेहतर स्थिति को दर्शाता है। हालांकि यहां यह समझना आवश्यक है कि उपभोग आधारित गिनी सूचकांक समाज में संपत्ति, आय और अवसरों की समग्र असमानता का पूरा चित्र प्रस्तुत नहीं करता। इसलिए गरीबी में कमी को आर्थिक समानता की पूर्ण उपलब्धि मान लेना उचित नहीं होगा। यही वह बिंदु है, जहां भारत की विकास यात्रा का आलोचनात्मक मूल्यांकन आवश्यक हो जाता है। एक ओर करोड़ों लोग गरीबी से बाहर निकल रहे हैं, दूसरी ओर समाज में संपत्ति और आर्थिक संसाधनों का संकेंद्रण एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। उच्च आय वर्ग और सामान्य मेहनतकश नागरिक के बीच जीवन की सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अवसरों का अंतर अभी भी व्यापक है। गुणवत्तापूर्ण रोजगार की कमी, असंगठित क्षेत्र में काम करने वालों की असुरक्षा, युवाओं में बेरोजगारी, कृषि पर निर्भर परिवारों की सीमित आय और महिलाओं को समान पारिश्रमिक न मिलना ऐसे प्रश्न हैं, जिनका समाधान किए बिना समतामूलक समाज की कल्पना अधूरी रहेगी। गरीबी का कम होना और अमीरी-गरीबी के बीच की खाई का कम होना दो अलग-अलग स्थितियां हैं। पहली उपलब्धि उत्साह देती है, लेकिन दूसरी चुनौती पर निरंतर ध्यान देना आवश्यक है।

भारत को अब ऐसी विकास नीति की आवश्यकता है, जिसमें आर्थिक प्रगति का लाभ केवल कुछ क्षेत्रों, वर्गों अथवा उद्योगों तक सीमित न रहे। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं, कौशल विकास, छोटे उद्यमों को प्रोत्साहन, कृषि का आधुनिकीकरण, श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और महिलाओं के लिए सम्मानजनक रोजगार के अवसर इस दिशा में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। कर व्यवस्था में न्यायपूर्ण संतुलन, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में निवेश और सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं की पारदर्शिता भी आवश्यक है। विकास का वास्तविक उद्देश्य अवसरों की समानता पैदा करना होना चाहिए, न कि केवल आर्थिक आंकड़ों में ऊंचाई हासिल करना। भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में गरीबी में कमी की यह उपलब्धि विशेष महत्व रखती है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य तभी सार्थक होगा, जब आर्थिक शक्ति के साथ सामाजिक न्याय, मानवीय गरिमा और अवसरों की समानता भी सुनिश्चित हो। गरीबी-मुक्त भारत का सपना केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि रोजगार, उद्यमिता, शिक्षा, सामाजिक सहभागिता और न्यायपूर्ण आर्थिक व्यवस्था के समन्वय से साकार होगा। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट भारत में गरीबी से मुक्ति की ओर बढ़ते कदमों और करोड़ों जीवन में फैलती खुशहाली की ऐसी उजली तस्वीर प्रस्तुत करती है, मानो दीपावली के पर्व पर विकास के दीप जल उठे हों। यह केवल आंकड़ों की रोशनी नहीं, बल्कि उन करोड़ों परिवारों के जीवन में उम्मीद, आत्मविश्वास और सम्मान का उजाला है, जो अभावों के अंधकार से निकलकर समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं। सचमुच, इस बार दीपावली के दीपों में नए भारत की प्रगति और गरीबी के जीवन में आए उजास की चमक भी दिखाई दे रही है।

निस्संदेह, गरीबी के मोर्चे पर भारत की यह सफलता नए भारत, समृद्ध भारत और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में करोड़ों लोगों को निर्धनता के दायरे से बाहर लाना एक उल्लेखनीय स्थान रखता है। लेकिन इस उपलब्धि का अगला चरण आर्थिक असमानता की खाइयों को पाटना और विकास की रोशनी को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना होना चाहिए। विकसित भारत की पहचान केवल उसकी आर्थिक समृद्धि से नहीं, बल्कि इस बात से होगी कि वहां कोई व्यक्ति अभाव, भुखमरी, अशिक्षा और असहायता में जीवन जीने को विवश न हो। 2047 का भारत तभी वास्तविक अर्थों में विकसित और समृद्ध होगा, जब उसकी प्रगति का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचेगा और आर्थिक समृद्धि के साथ सामाजिक समरसता एवं समानता भी उसकी पहचान बनेगी। यही नए भारत का स्वप्न है और यही उसकी विकास यात्रा की सबसे बड़ी कसौटी भी।

### कविता का कोना

## उम्मीदों भरी एक शाम



निहारता रहा बिना पलक झपके
तेरी खूबसूरत चेहरे को
तुम मद्धम -मद्धम मुस्कानी रही
बैठी -बैठी
बिखरे जुल्फें और चेहरे पे
लटकी लटें
आंखों में मादकता लिए
अकेली ही मुस्का रही थी
मानों शरद की चांदनी
,खिलखिलाकर हंस रही हो
हृदय की कोमलता होंठों पर
झलक रही थी
तुम जो नजरें उठाकर मुस्कुरा
रही थी
मुझे बहकने को उकसा रही थी
मेरी कल्पना में चुपके से
घर कर, प्यार की
उम्मीदें जगा रही थी
उम्मीदों भरी एक शाम
मुझे तुम्हें देखने की चाहत बढ़
गई थी
छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस की 26
वाँ वर्ष की आनंद थी
चौपालों में चर्चा और उमंगों
की खबर
बस तुम्हारी आने की खबर न थी



**लक्ष्मी नारायण लहरे "साहिल"**
**वरिष्ठ साहित्यकार ,पत्रकार**
**सारंगढ़**

# सुशासन की मिसाल सीएम हेल्पलाइन- जनता की उम्मीदों पर खरी उतर रही डिजिटल पहल

*धनंजय रातौर संयुक्त संचालक, जनसंपर्क*

**लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि इसमें शासन और प्रशासन सीधे जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं। सुशासन और पारदर्शी व्यवस्था की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उठाया गया एक बेहद प्रभावी कदम सीएम हेल्पलाइन 1076 है ।आज यह हेल्पलाइन राज्य के आम नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिसके माध्यम से घर बैठे उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो रहा है । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और प्रशासनिक कामकाज की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया है कि हेल्पलाइन का उद्देश्य केवल शिकायतों के आंकड़ों को कम करना या पोर्टल पर उन्हें क्लोज करना नहीं है, बल्कि नागरिकों को वास्तविक और संतोषजनक समाधान दिलाना है।**




## मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश- संवेदनशीलता, समयबद्धता और समाधान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि उनकी अपेक्षा बहुत स्पष्ट है-जनता को अपनी समस्या लेकर भटकना न पड़े। अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी अच्छा काम कर रहे हैं, जिनके परिश्रम की वे सराहना भी करते हैं। लेकिन कुछ लोगों की लापरवाही से पूरे प्रशासन की छवि खराब हो, यह उचित नहीं है। जो अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा; जहां कमी है, वहां सुधार का अवसर मिलेगा; और जो लगातार लापरवाही करेंगे, उनकी जवाबदेही तय होगी। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 का मूल मंत्र संवेदनशीलता, समयबद्धता और समाधान होना चाहिए।

## विस्तृत कार्यप्रणाली और अब तक के आंकड़े

छत्तीसगढ़ शासन के टोल-फ्री नंबर 1076 के माध्यम से नागरिक सरकारी सेवाओं और अपनी समस्याओं से जुड़ी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। यह कॉल सेंटर 24 घंटे और सातों दिन चालू रहता है। राज्य शासन के 49 विभागों के लगभग 8 हजार अधिकारी इससे जुड़े हुए हैं तथा 1195 श्रेणियों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था की गई है। सीएम हेल्पलाइन 1076 पर अब तक 2 लाख 45 हजार 376 शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें से 2 लाख 10 हजार 649 शिकायतों का सफल निराकरण किया जा चुका है। शेष 34 हजार 727 शिकायतों पर तीव्र गति से कार्रवाई जारी है। इस प्रकार, अब तक प्राप्त कुल शिकायतों में से 85.85 प्रतिशत का निराकरण किया जा चुका है।

## किन विषयों पर की जा सकती है शिकायत?

सीएम हेल्पलाइन 1076 पर आम जनता से जुड़ी समस्याएं दर्ज कराई जा सकती हैं-बिजली संबंधी समस्याएं ( जला हुआ ट्रांसफार्मर न बदलना, बिजली कटौती या बिल में गड़बड़ी), राजस्व से जुड़े मामले (खाता विभाजन, नामांतरण/फौती, जमीन-जायदाद के विवाद या सीमांकन में देरी), शासकीय दस्तावेजों के आवेदन ( निवास, जाति प्रमाण पत्र आदि के खारिज होने या देरी होने पर), प्रशासनिक लापरवाही ( थानेदार या तहसीलदार द्वारा सुनवाई न करना, रिपोर्ट न दर्ज करना), जनहित से जुड़ी योजनाएं ( स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन कार्ड, पेयजल, सड़क और पेंशन संबंधी दिक्कतें) शामिल की गई हैं।

## धरातल पर दिख रहा बदलाव- त्वरित समाधान के उदाहरण

पामगढ़ (जांजगीर-चांपा) के ग्राम भवतरा निवासी देवेंद्र दिनकर की राशन कार्ड संबंधी शिकायत प्राप्त होते ही त्रुटि को सुधार किया गया, जिससे उनका कार्ड पुनः सक्रिय हो गया और उन्हें नियमित राशन मिलने लगा। दुगुर्कोल (कांकेर) के ग्राम पंचायत चिखली के आश्रित ग्राम हड़फड़ में क्रेडा विभाग द्वारा कुछ ही घंटों के भीतर बिगड़े हुए सोलर पंप का तत्काल सुधार किया गया। गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के खनिज विभाग ने अवैध रेत एवं गिट्टी परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 8 ट्रैक्टर वाहन जब्त किए। बसना (महासमुंद) के ग्राम केंवटापाली निवासी खिरोद कुमार साव की ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) सब्सिडी से जुड़ी लंबित समस्या का परिवहन विभाग ने त्वरित समाधान कर राशि उपलब्ध कराई।

तपकरा (जशपुर) के बुजुर्ग त्रिपुरारी शर्मा की बंद हुई वृद्धावस्था पेंशन बहाल की गई। इसी क्षेत्र के ओम प्रकाश की शिकायत पर जल प्रदाय योजना के तहत नया मोटर स्थापित कर पेयजल आपूर्ति सुचारू की गई, जिससे 200 परिवारों को राहत मिली। सरगुजा जिले के ग्राम करिया की 12वीं की छात्रा आराधना सिंह के आधार कार्ड में जन्मतिथि सुधरने से उनकी उच्च शिक्षा की राह आसान हुई।

## प्रशासन और जनता के बीच मजबूत होती कड़ी

पहले आम नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं या योजनाओं के लाभ के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। लेकिन सीएम हेल्पलाइन 1076 ने इस पूरी व्यवस्था को बदलकर रख दिया है। अब टेक्नोलॉजी के माध्यम से शासन सीधे जनता के दरवाजे पर नजर आता है ।प्रत्येक शिकायत पर एक यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर मिलता है और उच्च स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग से अधिकारियों की जवाबदेही तय होती है।

यह डिजिटल पहल समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए संबल बन गई है। बुजुर्गों को समय पर पेंशन, किसानों को समस्याओं का समाधान और युवाओं को समय पर सहायता मिलना इस बात का प्रमाण है कि यह योजना छत्तीसगढ़ सरकार के सबका साथ, सबका विकास और त्वरित समाधान के संकल्प का जीवंत दस्तावेज है।

# खड़गे का जन-महाभियोग : लोकतंत्र की चिंता या राजनीतिक दबाव की नई रणनीति?

*सौरभ वार्ष्णेय*

**लोकतंत्र में चुनाव आयोग की निष्पक्षता जितनी महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण उसकी संवैधानिक स्वतंत्रता और संस्थागत गरिमा को बनाए रखना भी है। मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ जन-महाभियोग जैसा अभियान चलाना कोई सामान्य राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर और असाधारण परिस्थिति का संकेत है। सवाल यह है कि क्या राजनीतिक असहमति को इस स्तर तक ले जाना उचित है और क्या इससे लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का विश्वास मजबूत होगा ?कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जन-महाभियोग प्रस्ताव कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि कांग्रेस की चुनाव आयुक्त से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है, बल्कि उसकी लड़ाई निष्पक्ष चुनाव और लोकतंत्र की रक्षा के लिए है।**



खड़गे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के निर्देश पर चुनाव आयोग काम कर रहा है तथा देश में मताधिकार की स्वतंत्रता प्रभावित हो रही है। इन आरोपों के बीच उन्होंने विपक्ष की ओर से लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प भी व्यक्त किया। निश्चित रूप से चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थान की निष्पक्षता पर सवाल उठना गंभीर विषय है, लेकिन इस विषय को समझने के लिए राजनीतिक आरोपों से आगे बढ़कर तथ्यों और संवैधानिक मर्यादाओं का परीक्षण करना आवश्यक है ।भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां चुनाव केवल सरकार बनाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता की राजनीतिक इच्छा और संवैधानिक अधिकारों की अभिव्यक्ति हैं । चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी संविधान ने सौंपी है। इसलिए उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठना अस्वाभाविक नहीं है। विपक्ष को यह अधिकार है कि वह चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता, पक्षपात या मतदाता अधिकारों के उल्लंघन के विरुद्ध आवाज उठाए। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ राजनीतिक मंचों से लगातार आरोप लगाने और जन-महाभियोग जैसी पहल करने से समस्या का समाधान निकल सकता है ?महाभियोग की अवधारणा अपने आप में अत्यंत गंभीर है। यह किसी राजनीतिक असहमति का सामान्य हथियार नहीं, बल्कि संवैधानिक और कानूनी प्रक्रिया से जुड़ा विषय है। मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की प्रक्रिया भी संविधान के अनुच्छेद 324(5) के तहत सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप है। इसके लिए संसद में विशेष बहुमत की संवैधानिक प्रक्रिया आवश्यक होती है। ऐसे में किसी व्यक्ति के खिलाफ जन-महाभियोग का राजनीतिक अभियान चलाना और वास्तविक संवैधानिक महाभियोग की प्रक्रिया अलग-अलग बातें हैं। जनता के बीच विरोध दर्ज कराना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसे संवैधानिक प्रक्रिया का विकल्प नहीं माना जा सकता।

यह भी समझना होगा कि किसी मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ इस तरह का अभियान चलाना कोई सामान्य राजनीतिक घटना नहीं है। इससे देश और विदेश में लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठ सकते हैं। यदि चुनाव आयोग वास्तव में किसी प्रकार की अनियमितता कर रहा है तो उसके प्रमाण सार्वजनिक किए जाने चाहिए। चुनावी आंकड़ों, मतदाता सूची, मतदान प्रक्रिया और प्रशासनिक निर्णयों को लेकर ठोस सवाल उठाए जाने चाहिए। विपक्ष को संसद, न्यायपालिका और अन्य संवैधानिक मंचों का इस्तेमाल करना चाहिए। केवल राजनीतिक भाषणों और आरोपों से किसी संस्था की निष्पक्षता प्रमाणित या खारिज नहीं की जा सकती।

दूसरी ओर, सत्ता पक्ष की भी यह जिम्मेदारी है कि वह विपक्ष की हर आलोचना को राजनीतिक हताशा बताकर खारिज न करे। लोकतंत्र में विपक्ष केवल चुनाव लड़ ? और सरकार बदलने के लिए नहीं होता, बल्कि वह सत्ता की जवाबदेही सुनिश्चित करने वाली महत्वपूर्ण शक्ति है। यदि विपक्ष चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है तो सरकार और आयोग को तथ्यों के आधार पर जवाब देना चाहिए। पारदर्शिता से बचने या सवाल पूछने वालों को राजनीतिक विरोधी बताने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करती है।

वास्तविक चिंता यह है कि देश की राजनीति में संवैधानिक संस्थाएं भी आरोप-प्रत्यारोप के केंद्र में आती जा रही हैं। कभी संसद की कार्यवाही पर सवाल उठते हैं, कभी न्यायपालिका की टिप्पणियों को राजनीतिक चश्मे से देखा जाता है और कभी चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर विवाद खड़ा होता है। ऐसी परिस्थितियां किसी भी लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। संवैधानिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा किसी सरकार या राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं होती। उनका सम्मान और स्वतंत्रता पूरे देश की सामूहिक जिम्मेदारी है।

खड़गे की पहल को केवल राजनीतिक विरोध कहकर खारिज करना भी उचित नहीं होगा और उसे लोकतंत्र की रक्षा का अंतिम रास्ता मान लेना भी सही नहीं है। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन विरोध की भी एक संवैधानिक मर्यादा होती है। किसी पदाधिकारी को हटाने की मांग करने से पहले आरोपों की प्रमाणिकता, प्रक्रिया की वैधता और उसके परिणामों पर गंभीर विचार होना चाहिए। अन्यथा संस्थाओं के प्रति अविश्वास की ऐसी राजनीति जन्म ले सकती है, जिसका नुकसान अंततः आम मतदाता को उठाना पड़ेगा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि चुनाव आयोग अपनी निष्पक्षता को केवल बयानों से नहीं, बल्कि पारदर्शी कार्यप्रणाली और जवाबदेही से साबित करे। विपक्ष भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आरोपों के साथ ठोस प्रमाण प्रस्तुत करे। सरकार को चाहिए कि वह चुनावी व्यवस्था से जुड़े हर संदेह का समाधान लोकतांत्रिक संवाद के माध्यम से करे। आखिरकार चुनाव आयोग किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के मताधिकार का संरक्षक है।

लोकतंत्र में किसी के खिलाफ जन महाभियोग जैसी असाधारण पहल होना अपने आप में सुखद स्थिति नहीं कही जा सकती। यह राजनीतिक व्यवस्था में गहरे अविश्वास और संवाद की कमी का संकेत है। लेकिन इससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तब होगी, जब चुनाव जैसी लोकतंत्र की बुनियादी प्रक्रिया पर जनता का भरोसा कमजोर पड़ जाए। इसलिए जरूरी है कि न सत्ता पक्ष अपनी शक्ति के अहंकार में संवैधानिक मर्यादाएं भूले और न विपक्ष राजनीतिक विरोध को संस्थागत टकराव का रूप दे। लोकतंत्र की असली जीत किसी व्यक्ति के इस्तीफे या किसी दल की राजनीतिक सफलता में नहीं, बल्कि निष्पक्ष चुनाव, स्वतंत्र संस्थाओं और जनता के अटूट विश्वास में निहित है।

# बेमेतरा में म्युल अकाउंट के मामले में एक गिरफ्तार, अब तक 7 आरोपी की हो चुकी गिरफ्तारी

*नई दृष्टिबिंदु / बेमेतरा*

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीश यादव, एसडीओपी बेमेतरा भुषण एक्का, एसडीओपी बेरला श्रीमती रूचि वर्मा के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं सायबर सेल टीम द्वारा आनलाईन माध्यम से लोगो से सायबर ठगी करने वालो और उनको सहयोग करने वालो पर सतत नजर रखी जा रही हैं।

चौकी देवरबीजा थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा को विश्वस्त सूत्र से* जानकारी प्राप्त हुई है बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा देवरबीजा के विभिन्न खाता नंबरो एवं आईडीबीआई बैंक शाखा बेमेतरा के बैंक खाता में सायबर धोखाधड़ी के राशि को अपने बैंक खातों में प्राप्त कर म्यूल अकाउंट के रूप में उपयोग किया जा रहा है, प्राप्त बैंक खातों में स्थानांतरित सायबर ठगी रकम की तस्दीक हेतु बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा देवरबीजा कन्हठ कोड के बैंक के विभिन्न खाता नम्बर एवं कज्हकबैंक शाखा बेमेतरा के बैंक खाता नम्बर के धारक की संलिप्तता पाये जाने से उक्त बैंक खातों का स्टेटमेन्ट बैंक से प्राप्त किया, जिसका अवलोकन करने पर 16 नवंबर 2024 से 23 फरवरी 2025 तक अलग-अलग दिवसों में उक्त बैंक खातों में लेयर 01 में जमा सायबर ठगी रकम क्रमशः 16 नवंबर 2024 को 16,800/- रुपये, 2 जनवरी 2025 को 2000 रुपये, 1,213 रुपए कुल रकम 3,213 रुपये, 29 नवंबर 2024 को 50,000-50,000 रुपये कुल 02 बार कुल कीमती 1,00,000 रुपये, 15 फरवरी 2025 को 40,000 रुपये, 3 फरवरी 2025 को 1000 रुपये, 2000 रुपये, 2000 रुपये, कुल 5000 रुपये, 20 जनवरी 2025 को 1699 रुपये, 11 दिसंबर 2024 को 2,000 रुपये, 23 दिसंबर 2024 को 1000 रुपये, 13900 रुपये, कुल 14900 रुपये, 29 नवंबर 2024 को 7474 रुपए, 1 जनवरी 2025 को 5975 रुपये एवं आईडीबीआई बैंक खाता में 23 फरवरी 2025 को 18359 रुपये जुमला रकम 2,15,439 रुपये सस्पेक्ट पाया गया है, इसके अतिरिक्त उक्त बैंक खातों में खाता ओपनिंग दिनांक से अंतिम ट्रांजेक्शन का स्टेटमेन्ट अवलोकन पर अत्यधिक रकम लेन देन होना पाया गया है। उक्त बैंक खाता धारकों द्वारा सायबर ठगी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने, संवर्धन करना पाये जाने से धारा 317(2), 317(4), 318(4).61 (2)(ए) बीएनएस का अपराध घटित करना पाया गया। उपरोक्त बैंक खाता धारकों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



उक्त म्यूल अकाउंट बैंक खाता धारकों जितेन्द्र वर्मा, संजय यादव, चन्द्रमणी साहू, लोकेन्द्र साहू, दुर्गेश साहू एवं दिलेश्वर साहू को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर उपरोक्त अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 01 नग एन्ड्राईड मोबाईल कीमती लगभग 5,000 रुपए को जप्त किया गया।

आरोपी रिंकु ऊर्फ महाराज साहू पिता शत्रुहन साहू उम्र 24 वर्ष, निवासी साहू पारा वार्ड नंबर 06 रवेली, थाना व जिला बेमेतरा को आज दिनांक 02 नवंबर 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी देवरबीजा प्रशिक्षु उप निरीक्षक ईश्वरी कुमारी डुप्ले, सहायक उप निरीक्षक दीना नाथ सिंहा, प्रधान आरक्षक अवधेश सिंह, आरक्षक रोशन वर्मा, मुकेश सिंह राजपूत, सबित गोयल, छोटू राम टेम्भुकर सहित चौकी देवरबीजा के समस्त पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भुमिका रही।

**खास खबर**

## लोकतंत्र का जन-आक्रोश दिल्ली की सड़कों पर, रामलीला मैदान की गूंज से भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू : दीपक बैज



*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोरी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन की ऐतिहासिक सफलता पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यह जन-आक्रोश रुकेगा नहीं, देश के कोने-कोने तक पहुंचेगा।

बैज ने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू सहित रैली में शामिल सभी कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान से जो शंखनाद हुआ है, वह सबूत है कि जनता भाजपा के तानाशाही रवैये और वोट चोरी के षड्यंत्र को सहन नहीं करेगी। छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार ने किसानों, महिलाओं और युवाओं के साथ विश्वासघात किया है।

बैज ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकारें वोट की ताकत से डरती हैं, इसलिए चोर दरवाजे से लोकतंत्र का गला घोंट रही हैं। छत्तीसगढ़ में भी 25 लाख मतदाताओं को दुर्भावना पूर्वक मताधिकार से वंचित किया गया है, जो संवैधानिक अपराध है। उन्होंने कहा कि लोकसभा, विधानसभा ही नहीं, पंचायत से लेकर नगरीय निकायों तक प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग हो रहा है। दिल्ली से उठी चिंगारी अब छत्तीसगढ़ के हर गांव-शहर तक पहुंचेगी।

## बालोद पुलिस को रइकपुलिस सैलरी पैकेज से बड़ी राहत, शहीद 2 जवानों के परिवारों को 2 करोड़ की बीमा सहायता



**बालोद।** पुलिस सैलरी पैकेज के तहत कर्तव्य के दौरान सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए बालोद पुलिस के दो जवानों के परिजनों को 2 करोड़ रुपये की बीमा सहायता प्रदान की गई है। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ और SBI के बीच हुए पुलिस सैलरी पैकेज (PSP) अनुबंध के तहत भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा बालोद द्वारा 1-1 करोड़ के चेक दिए गए।

**प्रधान आरक्षक संतराम मंडावी -** थाना पुरूर में पदस्थ क्र. 546 संतराम मंडावी का 1जून 2026 को पुरूर से कांकेर जाते समय NH-30 पर सड़क हादसे में निधन हो गया था। उनकी पत्नी सावित्री मंडावी और पुत्र देवेंद्र कुमार मंडावी को 1 करोड़ का चेक दिया गया।

**आरक्षक ठनेश टेमर्या -** थाना कोतवाली बालोद में पदस्थ क्र. 221 ठनेश टेमर्या का 23 फरवरी 2026 को हीरापुर चौक, NH-930 के पास ड्यूटी के दौरान हादसे में निधन हुआ था। उनकी माता गीता बाई को 1 करोड़ का चेक प्रदान किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने दिवंगत जवानों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। चेक SBI मुख्य शाखा प्रबंधक पुनीत भार्गव ने प्रदान किए। कार्यक्रम में SDOP माया शर्मा, मुख्य लिपिक ठाकुर प्रसाद मरकाम और वेतन शाखा प्रभारी जगदीश साहू उपस्थित रहे।

**कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से किया सीधा संवाद**

# बिटिया@वर्क अभियान से छात्राओं को मिला प्रशासनिक कार्यप्रणाली का अनुभव



*नई दृष्टिबिंदु / बालोद*

बालिकाओं को शिक्षा के साथ रोजगार, करियर और विभिन्न कार्यक्षेत्रों की संभावनाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बिटिया@वर्क अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में छात्राओं को संयुक्त जिला कार्यालय बालोद का भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्राओं ने कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण से मुलाकात कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली और शासकीय सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि बालिकाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए बड़े लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। शिक्षा ही आत्मनिर्भरता और सफलता का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने छात्राओं को अपने भीतर आत्मविश्वास विकसित करने, नई चीजें सीखने और अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुरूप करियर चुनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज बालिकाओं के लिए प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध हैं। दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत और निरंतर प्रयास से वे अपनी अलग पहचान बना सकती हैं।

पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण ने भी छात्राओं से संवाद कर उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्राओं ने अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे और प्रशासनिक सेवाओं से जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

**प्रशासनिक कार्यप्रणाली से रूबरू हुई छात्राएं**

भ्रमण के दौरान छात्राओं ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुनील कुमार चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य एवं हरिवंश सिंह मिरी से भी मुलाकात कर विभिन्न विभागों के कामकाज, शासकीय योजनाओं और प्रशासनिक जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि प्रशासनिक सेवाओं, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, उद्यमिता और अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में बालिकाओं के लिए आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं को बिटिया@वर्क अभियान के उपहार स्वरूप कप प्रदान किए गए। साथ ही कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उनके लिए स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई।

**सपनों को साकार करने का मिला नया उत्साह**

बिटिया@वर्क अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर विभिन्न कार्यक्षेत्रों से परिचित कराना तथा उनमें नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना है। इस भ्रमण से छात्राओं को वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव मिला और भविष्य में अपने करियर को लेकर नई दिशा एवं प्रेरणा प्राप्त हुई। महिला एवं बाल विकास विभाग की यह पहल बालिकाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## गृहमंत्री अमित शाह से कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के 5 सवाल - नक्सल मुक्त गांवों का 1 करोड़ कब मिलेगा?



*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे से पहले 5 सवाल पूछे हैं। बैज ने कहा, आपने खुद माना 31 मार्च 2026 को नक्सलवाद खत्म हो गया, तो बस्तर पंडुम 2025 में नक्सल मुक्त पंचायतों को 1-1 करोड़ देने का वादा क्यों पूरा नहीं हुआ? आज भी पीड़ित परिवार मुआवजे के लिए भटक रहे हैं।

### कांग्रेस ने पूछा

नक्सल मुक्त गांवों की सूची और 1 करोड़ की राशि कब मिलेगी?

नक्सली सहयोगी बताकर जेलों में बंद 4000 से ज्यादा निर्दोष आदिवासियों की रिहाई कब?

कांग्रेस सरकार की नक्सल पीड़ित और समर्पित नक्सली पुनर्वास योजनाएं क्यों बंद की गई?

PESA और 5वीं अनुसूची की अनदेखी कर जंगल-खनिज कॉर्पोरेट को क्यों सौंपे जा रहे हैं?

आदिवासियों के झूठे मामलों की समीक्षा कमेटी पर ताला क्यों लगाया?

बैज ने कहा पोलावरम से बोधघाट तक आदिवासियों को बिना सहमति बेदखल किया जा रहा है। हसदेव से बैलाडीला तक संसाधनों की लूट हो रही है। नगरनार प्लांट को नहीं बेचने का वादा था, फिर DIPAM साइट पर क्यों है?

## पाइप लाइन बिछाने के नाम पर दुकान के सामने सीढ़ी तोड़ने से व्यापारी परेशान

**दुर्ग।** महाराजा चौक के पास बोरसी जाने वाली सड़क पर नगर निगम द्वारा पानी की पाइप लाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है। इस दौरान ठेकेदार नंद वंद्रारकर पर एक दुकानदार की दुकान के सामने बनी सीढ़ी जेसीबी से तोड़ने और दुकान के प्रवेश मार्ग पर पाइप रखकर रास्ता बाधित करने का आरोप लगा है। इससे संबंधित दुकानदार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदार धर्मेंद्र कुमार ने दुर्ग निगम आयुक्त से मामले में हस्तक्षेप कर तत्काल राहत दिलाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में निगम के अधिकारियों से शिकायत करने पर उन्हें जानकारी दी गई कि संबंधित ठेकेदार नंद वंद्रारकर को फिलहाल उक्त स्थान पर काम करने से मना किया गया है, इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए कार्य किया जा रहा है। धर्मेंद्र कुमार के अनुसार उक्त स्थान पर मुआवजे से संबंधित मांग को लेकर उन्होंने शासन एवं लोक निर्माण विभाग को पत्र भी लिखा है, जिसके चलते फिलहाल पीडब्ल्यूडी द्वारा वहां काम नहीं किया जा रहा है। इसके बावजूद पाइप लाइन कार्य के नाम पर उनकी दुकान के सामने की सीढ़ी तोड़ दी गई और प्रवेश मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्योहार कपड़ा व्यवसाय के लिए साल का सबसे महत्वपूर्ण व्यावसायिक समय होता है। ऐसे में दुकान के सामने रास्ता बंद होने से ग्राहकों का आना-जाना प्रभावित होगा और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# तपस्वियों की तपस्या अनुमोदना में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**119 और 98 उपवास की कठिन साधना**

*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

जय आनंद मधुकर रतन भवन, बांधा तालाब दुर्ग में तपस्वियों की अनुमोदना का भव्य आयोजन भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। श्रीमती नंदा देवी पारख 119 उपवास और श्रीमती किरण देवी संचेती 98 उपवास की कठिन तपस्या अनवरत कर रही हैं।

कार्यक्रम नेपाल केसरी, मानव मिलन संस्थापक, राष्ट्र संत परम पूज्य डॉ. मणिभद्र मुनि महाराज के पावन सानिध्य में हुआ। ओसवाल जैन पंचायत के सभी घटक दलों और श्रावक-श्राविकाओं ने तपस्वियों के त्याग, संयम और दृढ़ संकल्प को नमन कर भावपूर्ण अनुमोदना की। आयोजन का संयोजन श्रमण संघ महिला मंडल ने किया। महिला मंडल के भक्ति गीतों से पूरा भवन श्रद्धा से सराबोर हो गया। कार्यक्रम छाजेड़, पारख और लुनावत परिवार के आतिथ्य में वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रमण संघ दुर्ग द्वारा आयोजित था। तपस्या आत्मशुद्धि और आत्मबल की अनुपम साधना है, दोनों तपस्वियों की साधना समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।




**बैठक** वरिष्ठजन कल्याण महासंघ की इंडियन काफी हाउस सुपेला में बैठक संपन्न

# घर-घर बांटें रोशनी और फैलाएं खुशियां अभियान चलाने का लिया निर्णय

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*

वरिष्ठजन कल्याण महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक 2 नवंबर को इंडियन काफी हाउस सुपेला में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। बैठक में "घर-घर बांटें रोशनी और फैलाएं खुशियां" अभियान चलाने सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

इसके अंतर्गत महासंघ के द्वारा दीपावली पर्व के अवसर पर जरूरतमंदों तक पहुंचकर आवश्यक सामग्रियों की पैकेटों का वितरण किया जाएगा, ताकि उनकी भी दीवाली रोशन एवं खुशियों से भरी हो। वितरित करने वाले पैकेटों में दीये, तेल, बाती, अगरबत्ती, खाद्य सामग्री, फल-फूल, खील बताशे एवं बच्चों के लिए प्रदूषण रहित हल्के फुलझड़ी, पटाखे शामिल रहेंगे। महासंघ के सदस्य गण छोटे छोटे समूहों में



जरूरतमंद लोगों तक जाकर दीपावली के पूर्व पैकेटों का वितरण करेंगे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वोकल फार लोकल को बढ़ावा देने के लिए दीपावली की खरीदारी स्थानीय लोकल फुटकर विक्रेताओं से करेंगे एवं लोगों को प्रेरित करेंगे।

बैठक में प्रस्ताव पारित कर छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण 2026 से सम्मानित होने वाले प्रसिद्ध पंडवानी गायक चेतन देवांगन, छत्तीसगढ़ी साहित्यकार दुर्गा प्रसाद पारकर, लोककलाकार डॉ पुरुषोत्तम चंद्राकर एवं लोक गायिका श्रीमती साधना यादव को बधाई प्रेषित की गई।

इसके साथ ही महासंघ के द्वारा वरिष्ठजनों, महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं के कल्याण के लिए आने वाले दिनों में अनेक रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया एवं रूपरेखा बनाई गई। बैठक में महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, महासचिव गोपाल प्रसाद तिवारी, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, आचार्य डॉ महेशचंद्र शर्मा, संतोष शुक्ला, कृष्णाराम मार्कण्डेय आदि उपस्थित थे।

बैठक के अंत में अहिवारा के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सम्मान पूर्वक दी गई विदाई, आयुक्त ने उज्ज्वल भविष्य की कामना



*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई-3*

नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निगम परिवार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त होने वाले सहायक लेखा अधिकारी रामनिवास पाल एवं सफाईकर्मी श्रीमती चंद्रकला देवी को कर्मचारियों ने सम्मानपूर्वक विदाई दी और उनके सेवाकाल के दौरान किए गए कार्यों एवं योगदान को याद किया।

निगम आयुक्त एसके सुंदरानी ने कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अपने सेवाकाल में कर्मचारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। उनके अनुभव और कार्यशैली संस्थान के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वास्थ, सुखद एवं खुशहाल जीवन की कामना की गई। साथ ही निगम परिवार की ओर से उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। विदाई समारोह में निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## फिल्म ओम में दमदार पुलिस अफसर के किरदार में नजर आएंगी अभिनेत्री साई पल्लवी

भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक राजकुमार पेरियासामी की आगामी बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर फिल्म ओम को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्सुकता बनी हुई है। इस फिल्म में तमिल सिनेमा के सुपरस्टार धनुष और मलयालम सिनेमा के महानायक ममूटी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसी बीच निर्माताओं ने फिल्म की प्रमुख अभिनेत्री साई पल्लवी के किरदार से पर्दा हटाकर प्रशंसकों के उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया है। साई पल्लवी इस फिल्म में नित्या रेड्डी नाम की एक जांबाज और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाती हुई दिखाई देंगी। इस घोषणा के बाद से ही साई पल्लवी के नए और सख्त अवतार को देखने के लिए दर्शकों की बेताबी साफ नजर आ रही है। दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की मौजूदगी भी इस प्रोजेक्ट को और अधिक भव्य और प्रासंगिक बनाती है। फिल्म के शीर्षक के साथ चैप्टर 1 जोड़ा गया है, जो इस बात का स्पष्ट संकेत देता है कि यह एक बहुस्तरीय कहानी है और भविष्य में इसका सीक्वल भी दर्शकों के सामने आ सकता है। कुछ समय पहले जारी किए गए झलक वीडियो (टीजर) से यह साफ हुआ था कि फिल्म की मुख्य कहानी जंगलों में अवैध रूप से लाल चंदन की कटाई करने वाले मजदूरों और उनके संघर्षपूर्ण जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में धनुष एक लकड़हारे की भूमिका निभा रहे हैं। कहानी में मुख्य मोड़ तब आता है जब पुलिस अधिकारी अवैध कटाई में शामिल मजदूरों को हथियार के बल पर बंदी बना लेते हैं और धनुष उनके रक्षक बनकर सामने आते हैं। फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी मेकर्स ने काफी सूझबूझ से निर्णय लिया है। पहले इस फिल्म को अक्टूबर महीने में प्रदर्शित करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन अभिनेता धनुष ने सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए अपनी फिल्म की रिलीज को आगे बढ़ा दिया। इसके साथ ही, दिवाली के अवसर पर अन्य बड़ी फिल्मों के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए किसी भी तरह के व्यावसायिक टकराव से बचने के लिए निर्माताओं ने 20 नवंबर की तिथि को अंतिम रूप दिया है। धनुष और ममूटी जैसे दो विशाल अभिनेताओं का पहली बार एक साथ किसी प्रोजेक्ट में काम करना इस फिल्म को इस साल की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित फिल्मों की सूची में शामिल करता है।

## लिटिल थॉमस को लेकर सुर्खियों में रसिका

अभिनेत्री रसिका दुग्गल इन दिनों अपनी नई फिल्म लिटिल थॉमस को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म के संदर्भ में बात करते हुए उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में भले ही तकनीक के सहारे बड़े बजट और भव्य सेट वाली फिल्में बन रही हों, लेकिन आम जिंदगी से जुड़ी सीधी और सरल कहानियों की अपनी एक अलग अहमियत होती है। फिल्म की कहानी एक छोटे बच्चे थॉमस की बाल सुलभ जिज्ञासा और उसकी मासूमियत के इर्द-गिर्द घूमती है। वह जानना चाहता है कि बच्चे कहां से आते हैं और अपने लिए एक भाई या बहन की चाहत रखता है। रसिका दुग्गल के अनुसार, बच्चों के सवालों और उनकी उत्सुकता को कभी कम नहीं आंकना चाहिए। दुनिया को बच्चों के नजरिए से देखना एक बेहद खूबसूरत अनुभव है। इस फिल्म में बचपन, पारिवारिक रिश्तों और दैनिक जीवन के उतार-चढ़ाव को सहज ढंग से दर्शाया गया है।



# फिल्म सेट पर महिलाओं के मतभेद की धारणा को राधिका आप्टे ने बताया गलत

### डिजिटल क्रिएटर से लेकर बॉलीवुड तक अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया

बॉलीवुड की बहुमुखी अभिनेत्री राधिका आप्टे जल्द ही आगामी डिजिटल वेब सीरीज अक्का में नजर आने वाली हैं। इस सीरीज में उनके साथ दक्षिण भारतीय सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री कीर्ति सुरेश भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में इस सीरीज के प्रचार के सिलसिले में बात करते हुए राधिका आप्टे ने फिल्म सेट पर महिला कलाकारों के आपसी संबंधों को लेकर वर्षों से चली आ रही रूढ़िवादी धारणाओं पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने उस प्रचलित सोच को पूरी तरह से खारिज कर दिया, जिसमें यह दावा किया जाता है कि जब दो महिला कलाकार किसी प्रोजेक्ट में एक साथ काम करती हैं, तो उनके बीच अक्सर अनबन, मनमुटाव या झगड़े होते हैं। राधिका आप्टे का मानना है कि किसी भी कार्यस्थल का माहौल किसी व्यक्ति के लिंग से तय नहीं होता, बल्कि यह लोगों के आपसी तालमेल और व्यवहार पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि यह एक बेहद पुरानी और आधारहीन सोच है कि महिलाएं आपस में तालमेल नहीं बैठा पातीं। अपने अनुभव के आधार पर उन्होंने कहा कि कई बार पुरुषों में महिलाओं की तुलना में अधिक असुरक्षा की भावना देखी जाती है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह मुद्दा पुरुष या महिला होने का नहीं है, बल्कि यह विशुद्ध रूप से व्यक्तिगत संबंधों और आपसी समझ का विषय है। किसी भी क्षेत्र में आप कुछ लोगों के साथ बहुत सहज महसूस करते हैं और आसानी से घुल-मिल जाते हैं, जबकि कुछ लोगों के साथ आपका मानसिक तालमेल नहीं बैठ पाता। वेब सीरीज अक्का के शूटिंग सेट का अनुभव साझा करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि वहां का माहौल अत्यंत सकारात्मक और उत्साहवर्धक था। सेट पर कैमरे के सामने काम करने वाली स्टारकास्ट और कैमरे के पीछे काम करने वाली तकनीकी टीम में महिलाओं और पुरुषों की लगभग समान भागीदारी थी। उन्होंने कहा कि सेट पर एक बहुत ही खूबसूरत सिस्टरहुड यानी बहनों जैसा माहौल था, जिसने पूरी शूटिंग प्रक्रिया को बहुत सहज और आनंददायक बना दिया। इसके साथ ही राधिका आप्टे ने यह भी रेखांकित किया कि काम के सिलसिले में किसी के साथ अच्छा तालमेल होने का अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि आप उनके बहुत गहरे मित्र बन जाएं। बिना करीबी दोस्त बने भी एक पेशेवर और गरिमापूर्ण माहौल में बेहतरीन काम किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि वेब सीरीज अक्का एक थ्रिलर गैंगस्टर ड्रामा है, जिसमें महिलाओं को मुख्यधारा में दिखाया गया है। इस सीरीज का निर्देशन धर्मराज शेट्टी ने किया है, जो इस शो के लेखक भी हैं। यह कहानी 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित एक काल्पनिक दुनिया को दर्शाती है, जिसे पीढ़ियों से महिलाओं ने ही बनाया, चलाया और संरक्षित रखा है। यह बहुप्रतीक्षित सीरीज 30 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है।

## अभिनेत्री पवित्रा पुनिया ने एक महत्वपूर्ण संदेश किया साझा

विभिन्न लोकप्रिय धारावाहिकों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने वाली अभिनेत्री पवित्रा पुनिया ने देश में सामाजिक सौहार्द, शांति और धार्मिक एकता बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश साझा किया है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने-अपने धर्म से सच्चा प्रेम करें, लेकिन साथ ही दूसरों के धार्मिक अकीदों और आस्थाओं का भी पूरा सम्मान करें। अपने बयान में अभिनेत्री ने हाल ही में देश के विभिन्न हिस्सों में हुए विरोध-प्रदर्शनों और आंदोलनों के कारण अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रतिकूल प्रभावों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि त्योहारों के व्यस्त सीजन के दौरान ऐसे प्रदर्शनों के कारण व्यापारिक गतिविधियों को लगभग 3000 करोड़ रुपये का भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है, जो एक विकासशील देश के लिए काफी चिंताजनक है। पवित्रा पुनिया ने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि कई लोग बुनियादी तथ्यों को समझे बिना ऐसी आर्थिक समस्याओं और आंकड़ों का सोशल मीडिया पर मजाक उड़ाते हैं। उन्होंने देश की जमीनी हकीकत पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जब कोई आम नागरिक दो वक्त की रोटी के लिए कड़ा संघर्ष कर रहा हो, तब इस तरह के गतिरोध देश के हित में नहीं हो सकते। उन्होंने युवा पीढ़ी (जेन जी) का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर सक्रिय कुछ प्रभावकारियों (इन्फ्लुएंसर्स) द्वारा फैलाई जा रही मनगढ़ंत बातों और भ्रामक जानकारियों से युवाओं को बचना चाहिए। युवाओं में अपार क्षमता और ज्ञान है, इसलिए उन्हें किसी के बहकावे में आकर अपनी सोच को दूषित नहीं करना चाहिए। एक सनातनी हिंदू होने पर गर्व व्यक्त करते हुए पवित्रा ने स्पष्ट किया कि उन्हें किसी भी अन्य समुदाय या धर्म के लोगों से कोई शिकायत नहीं है। उन्होंने भारत के सामाजिक ताने-बाने को याद दिलाते हुए कहा कि बांटो और राज करो की विभाजनकारी सोच कुछ स्वार्थी तत्वों की देन है, जो देश की मूल भावना के विपरीत है। अपने व्यक्तिगत जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनके आसपास कई मुस्लिम परिवार रहते हैं और सभी लोग आपस में प्रेम, भाईचारे और शांति के साथ मिलकर रहते हैं। भारत की असली ताकत उसकी सांस्कृतिक विविधता और एकता का अनूठा बंधन है, जिसे हर कीमत पर सुरक्षित और अक्षुण्ण रखा जाना चाहिए।



## इंडो-रशियन फिल्म से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कदम रखेंगी सैयामी खेर, भाषा की सीमाओं से परे जा किया काम



अभिनेत्री सैयामी खेर जल्द ही एक इंडो-रशियन ड्रामा फिल्म के जरिए अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में अपना पदार्पण करने जा रही हैं। इस अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट के अपने अनुभवों को साझा करते हुए सैयामी ने बताया कि एक विदेशी क्रू के साथ मॉस्को में शूटिंग करना उनके लिए बेहद नया और रोमांचक अनुभव था। उन्होंने कहा कि अलग-अलग देशों और संस्कृतियों के लोगों के साथ काम करने से कहानी को देखने और समझने का एक नया वैश्विक नजरिया मिलता है। सैयामी खेर के अनुसार भाषा और देश की सीमाओं से परे जाकर काम करना किसी भी कलाकार के लिए सीखने का बहुत बड़ा अवसर होता है। हालांकि उन्होंने फिल्म की विस्तृत कहानी का खुलासा नहीं किया, लेकिन बताया कि यह एक मजबूत महिला चरित्र पर आधारित गहन ड्रामा फिल्म होगी। इस फिल्म का निर्देशन रूसी निर्देशक मैविसम कुजनेत्सोव कर रहे हैं। सैयामी इससे पहले निर्देशक प्रियदर्शन की बहुचर्चित क्राइम थ्रिलर फिल्म हैवान में नजर आई थीं, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार और सैफ अली खान मुख्य भूमिकाओं में थे।




## मां बनने के बाद शरीर में आए बदलावों और मानसिक संघर्ष पर करिश्मा तन्ना का छलका दर्द

हाल ही में मातृपद प्राप्त करने वाली मशहूर अभिनेत्री करिश्मा तन्ना ने प्रसव के बाद महिलाओं के शरीर में होने वाले प्राकृतिक बदलावों और उससे जुड़ी मानसिक चुनौतियों पर बेहद संवेदनशीलता के साथ अपनी बात रखी है। उन्होंने स्वीकार किया है कि एक नन्हें शिशु को जन्म देने के बाद अपने बदले हुए शरीर को स्वीकार करना और उसके साथ सामंजस्य बिठाना कभी-कभी काफी कठिन और थकाऊ साबित होता है। अभिनेत्री ने अपने दिल के उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि कई बार उन्हें गर्भावस्था से पहले वाले अपने सुगठित शरीर की बेहद याद आती है। जब भी वह आईने के सामने खड़ी होती हैं, तो पेट का ढीलापन, त्वचा में आई शिथिलता और शारीरिक आकार में आए बदलाव उन्हें स्पष्ट नजर आते हैं। कपड़े खरीदने या तैयार होने की इच्छा भी ऐसे समय में अक्सर खत्म हो जाती है, जो किसी भी नई मां के लिए मानसिक रूप से काफी भारी पड़ सकता है। हालांकि, करिश्मा ने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसी स्थितियों में खुद के प्रति कठोर होने के बजाय दयालुता का भाव रखना बेहद आवश्यक है। उन्होंने खुद को यह याद दिलाया कि उनके शरीर ने एक नए जीवन को जन्म दिया है और उसके विकास के लिए नौ महीनों तक सुरक्षित माहौल प्रदान किया है। शिशु के जन्म को अभी केवल ढाई महीने का समय ही बीता है, ऐसे में इतनी जल्दी पुरानी शारीरिक संरचना को वापस पाने की उम्मीद लगाना बेमानी है। करिश्मा का मानना है कि एक महिला एक ही समय में मां बनने के सुखद अनुभव के प्रति आभारी भी हो सकती है और साथ ही अपने पुराने स्वरूप को खोने का दर्द भी महसूस कर सकती है। यह दोनों भावनाएं बिल्कुल स्वाभाविक हैं और इन्हें स्वीकार किया जाना चाहिए। अभिनेत्री ने जोर देकर कहा कि जिस कोमलता और प्रेम की हकदार मांएं अपने बच्चों को मानती हैं, वही कोमलता उन्हें खुद अपने प्रति भी दिखानी चाहिए। वे अब अपनी शारीरिक बनावट की आलोचना करने के बजाय अपने शरीर को ठीक होने, मजबूत बनने और पुनः सहज महसूस करने का पूरा समय दे रही हैं। उन्होंने अन्य सभी माताओं को सांत्वना देते हुए कहा कि वे इस मानसिक और शारीरिक सफर में बिल्कुल अकेली नहीं हैं। गौरतलब है कि करिश्मा तन्ना और उनके पति वरुण बंगेरा ने इस वर्ष अप्रैल में अपने पहले बच्चे के आगमन की खुशखबरी साझा की थी, जिसके बाद जुलाई में उनके घर एक सुंदर बेटे का जन्म हुआ।

## परिणीति के समर्थन में उतरीं जेनिफर

वेब सीरीज शक : ट्रस्ट नो वन की सफलता के उपलक्ष्य में आयोजित एक पार्टी के दौरान का वीडियो इंटरनेट पर वायरल होने के बाद अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा को सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था। वायरल वीडियो में ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे परिणीति ने अपनी सह-कलाकार जेनिफर विंगेट को फोटो क्लिक कराने के दौरान नजरअंदाज किया। अब इस विवाद पर खुद जेनिफर विंगेट ने चुप्पी तोड़ी है और परिणीति चोपड़ा का समर्थन करते हुए सभी तरह की अफवाहों और ट्रोलिंग को खारिज कर दिया है। जेनिफर विंगेट ने स्पष्ट किया कि उनके और परिणीति के बीच किसी भी प्रकार की अनबन नहीं है। उन्होंने बताया कि पार्टी के दौरान मंच पर जगह की कमी थी, जिसके कारण वे स्वयं पीछे हट गई थीं। परिणीति हमेशा उनके प्रति बहुत ही दयालु और सम्मानजनक रही हैं। जेनिफर ने लोगों से अपील की कि वे इस साधारण सी बात को गलत रूप देकर नकारात्मकता न फैलाएं।





# अमिताभ बच्चन ने पारंपरिक अंधविश्वासों पर उठाए सवाल कहा- आधुनिक पीढ़ी मानती है केवल वैज्ञानिक तर्क

भारतीय सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन अक्सर अपने विचारों और अनुभवों को अपने व्यक्तिगत ब्लॉग के माध्यम से प्रशंसकों के साथ साझा करते रहते हैं। अपने एक हालिया ब्लॉग पोस्ट में अमिताभ बच्चन ने समाज में गहराई से रची-बसी पुरानी परंपराओं, मान्यताओं और अंधविश्वासों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकांश लोग बिना किसी तर्क या अर्थ को समझे केवल पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही प्रथाओं का पालन करते आ रहे हैं। अपने इस लेखन में उन्होंने इस बात पर गहराई से प्रकाश डाला कि किस प्रकार समय बीतने के साथ इंसान की व्यक्तिगत इच्छाएं, सोच और जीवन को देखने का नजरिया पूरी तरह से बदल जाता है।

ब्लॉग में अमिताभ बच्चन ने लिखा कि इंसान के जीवन में एक ऐसा पड़ाव भी आता है जब वह उन सभी चीजों को दोबारा करना चाहता है, जिनसे उसे अतीत में रोका गया था। उन्होंने जीवन के बदलते चक्र का वर्णन करते हुए कहा कि एक समय में इंसान पूरी तरह से बेफिक्र होता है और फिर जीवन के उत्तरार्ध में वह दोबारा उसी बेफिक्री को पाना चाहता है। इंसान का दिमाग कई बार अजीब तरह से निर्णय लेता है, लेकिन यह प्रक्रिया इंसान को एक अलग प्रकार का मानसिक सुकून भी प्रदान करती है। परंपराओं पर सवाल उठाते हुए उन्होंने शनिवार को नाखून न काटने जैसी मान्यताओं का उदाहरण दिया। उन्होंने लिखा कि शनिवार को नाखून न काटने को अशुभ माना जाता है और यह प्रथा केवल अज्ञात डर के कारण आज भी समाज में अपनी जगह बनाए हुए है।

इसके साथ ही उन्होंने रत्नों से जुड़े अंधविश्वासों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने लिखा कि लोग कहते हैं कि हरा पत्थर मत पहनो, बल्कि उसकी जगह एक हरे रंग की शॉल अपने पास रख लो। इस पर सवाल उठाते हुए अमिताभ बच्चन ने पूछा कि उस निर्दोष पत्थर ने किसी का क्या बिगाड़ा है और पास में रखी हरी शॉल किसी व्यक्ति के लिए किस प्रकार लाभदायक साबित हो सकती है। इन खोखले तर्कों पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि डर के कारण लोग आज्ञाकारी बनकर इन प्रथाओं को स्वीकार करते रहते हैं। हालांकि, महानायक ने यह भी स्वीकार किया कि आज की आधुनिक पीढ़ी अंधविश्वासों को आंख मूंदकर स्वीकार नहीं करती है। वर्तमान पीढ़ी किसी भी प्रथा को अपनाने से पहले उसके पीछे के वैज्ञानिक, शारीरिक और मानसिक कारणों को समझती है। आज के युवा केवल उन्हीं परंपराओं और जीवनशैली को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाते हैं, जिनसे उनके स्वास्थ्य, मानसिक शांति और जीवन की गुणवत्ता में वास्तविक सुधार हो सके।

# नांदघाट में 550 लीटर डीजल चोरी का खुलासा, अंतरजिला गिरोह के 9 आरोपी गिरफ्तार

*नई दृष्टिबिंदु / बेमेतरा*

नांदघाट क्षेत्र में खड़े दो कंटेनर ट्रकों से 550 लीटर डीजल चोरी के मामले का एसपी त्रिलोक बंसल ने खुलासा किया है। बेमेतरा पुलिस ने अंतरजिला डीजल चोर गिरोह के 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## क्या है मामला

26 अक्टूबर को प्रार्थी अनीश कुमार बघेल (35) निवासी सिवनी MP ने थाना नांदघाट में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कंटेनर ट्रक CG 04 RB 1155 में नागपुर से हल्दीराम नमकीन लोड कर झारखंड जा रहा था। साथ में दूसरा कंटेनर MH 49 BZ 7621 भी था। 26 अक्टूबर की रात दोनों ट्रक रायपुर-बिलासपुर ..पर ग्राम चिचोली के जियो पेट्रोल पंप पर खड़े कर ड्राइवर सो गए। सुबह देखा तो दोनों ट्रकों की टंकी के ढक्कन खुले थे और कुल 550 लीटर (350+200) डीजल कीमत 54,450 रु चोरी हो गया था। रिपोर्ट पर धारा 303(2)



BNS के तहत अपराध दर्ज किया गया। एसपी त्रिलोक बंसल के निर्देशन, एडिशनल एसपी डॉ. हरीश यादव और SDOP भूषण एक्का के मार्गदर्शन में टीम बनाई गई।

## ऐसे पकड़ा गया गिरोह

मुखबिर की सूचना पर 31 अक्टूबर को 9 आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी स्कॉर्पियो CG 12 BV 4596 और CG 11 BS 6684 में फर्जी नंबर CG 10 BA 7969 लगाकर रोड किनारे खड़े वाहनों से लोहे की रॉड से लॉक तोड़कर पाइप से डीजल चोरी करते थे।

## आरोपियों ने कई वारदात कबूली

अगस्त में रांका आदिशक्ति ढाबा बेमेतरा से 500 लीटर, सितंबर में बेतर बिजली ऑफिस से 100 लीटर, जांजगीर बाराद्वार से 270 लीटर, सिमगा से 170 लीटर, 26 अक्टूबर को सरगांव से 150 लीटर और चिचोली जियो पंप से 550 लीटर, 29 अक्टूबर को डेका बिलासपुर से 250 लीटर, सैगोना से 300 लीटर, 30 अक्टूबर को मस्तुरी से 40 लीटर, सरगांव में दो ट्रकों से 160 लीटर, नांदघाट खैरा से 245 लीटर चोरी का डीजल कम दाम में बेचकर पैसा बांट लेते थे।

## आरोपियों से जप्त सामान

आरोपियों से 504 लीटर डीजल, बिक्री की नगदी 1.54 लाख, 2 स्कॉर्पियो, चोरी की पाइप, मोबाइल सहित कुल 36,06,419 रु का मशरूका जप्त किया गया। धारा 318(2), 336(3), 338, 340(2), 3(5) BNS जोड़ी गई।

आरोपी में 1. निखिलदास मानिकपुरी (23) खिसोरा, 2. सूरज कुर्रे (19) खिसोरा, 3. मनीष जांगड़े उर्फ मोना (28) भिलाई, 4. संजीत अनंत (23) बुचीहरदी, 5. जयकरण खुंटे (30) खिसोरा, 6. शुभम जांगड़े (18) भिलाई, 7. उपेन्द्र यादव (42) खिसोरा, 8. रेशम उर्फ मोनू यादव (26) बलौदा, 9. राजेश कोयल (45) खिसोरा - सभी थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा के। सभी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, जंगल से 195 लीटर महुआ शराब बरामद

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। विभाग की टीम ने तमनार और चक्रधर नगर क्षेत्र में अलग-अलग छापामार कार्रवाई करते हुए कुल 204 लीटर महुआ शराब और 440 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान तमनार क्षेत्र से एक महिला को गिरफ्तार किया गया है, जबकि रेगड़ा के जंगल में लावारिस हालत में मिली शराब और महुआ लाहन के मामले में संबंधित आरोपियों की तलाश जारी है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश और प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की।

तमनार में महिला के कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब जब्त आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 नवंबर को आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा के नेतृत्व में विभागीय टीम ने थाना तमनार अंतर्गत ग्राम तमनार में कार्रवाई की। इस दौरान बनमती बाई उरांव के कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। विभाग ने महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। अधिकारियों के अनुसार मामले में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई है।

## खास खबर

### जिले में उत्साहपूर्वक मनाया गया पीएम किसान उत्सव किसानों के खातों में जारी हुई 24वीं किस्त

*नई दृष्टिबिंदु / मोहला*

**ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के किसानों ने प्रधानमंत्री के लाइव कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक की सहभागिता**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिले में पीएम किसान उत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा योजना की 24वीं किस्त जारी की गई। कार्यक्रम के माध्यम से जिले के किसानों ने प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण से जुड़कर इस महत्वपूर्ण अवसर में सहभागिता की।

जिले में विकासखंड मोहला, मानपुर एवं अंबागढ़ चौकी के जनपद पंचायत कार्यालयों सहित जिला मुख्यालय स्थित उप संचालक कृषि कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों के किसानों तक कार्यक्रम की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विकासखंड मोहला के भोजटोला, पिडिंगपार, सोमाटोला, मोतीपुर, माड़िंगपिडिंग, भूरसा एवं धनगढ़ तथा विकासखंड मानपुर के भरीटोला एवं खरदी सहित विभिन्न ग्रामों में स्थानीय किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री के लाइव कार्यक्रम को देखा और सुना।

जिले की समस्त सहकारी समितियों में भी कृषि एवं सहकारिता विभाग के समन्वय से पीएम किसान उत्सव का आयोजन किया गया। इससे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को भी कार्यक्रम से जुड़ने तथा योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कृषि स्थायी समिति की सभापति श्रीमती इंद्रा बाई कोमरे, जनपद सदस्य श्रीमती सीता बाई कांगरे, श्रीमती अनिता जायसवाल, कनक नागवंशी, रतन तारम, चैतराम कोमरे एवं नावश ठाकुर उपस्थित रहे। इसके अलावा उप संचालक कृषि आर.के. पिस्दे, सहायक संचालक कृषि एस.के. सिक्या सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

पीएम किसान उत्सव के माध्यम से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त जारी होने की जानकारी देने के साथ ही शासन की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कृषि एवं सहकारिता विभाग के समन्वित प्रयासों से जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों तक कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

### परफॉरमेंस गारंटी की सड़क के क्षतिग्रस्त मिलने तथा खराब गुणवत्ता पर ठेकेदार और अधिकारियों को नोटिस जारी

**उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर ग्राम बानी से कान्हाभैरा मार्ग की हुई जांच**

**पीडब्लूडी ने की कार्रवाई, सड़कों की गुणवत्ता और अच्छे रखरखाव पर विभाग का जोर**

**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर ग्राम बानी से कान्हाभैरा मार्ग के क्षतिग्रस्त होने की शिकायत मिलने पर लोक निर्माण विभाग के कवर्धा संभाग के कार्यपालन अभियंता, बोड़ला उप संभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं उप अभियंता द्वारा विगत 27 अक्टूबर को संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 6.70 किलोमीटर लंबे मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पूरी चैड़ाई में तथा कुछ स्थानों पर सड़क के बाई ओर का हिस्सा धंसना पाया गया। जांच में सड़क की गुणवत्ता में कमी एवं क्षति सामने आने पर लोक निर्माण विभाग ने कार्रवाई करते हुए संबंधित ठेकेदार और अभियंताओं को नोटिस जारी किया है। क्षतिग्रस्त हिस्सों को उखाड़कर जीएसबी सतह से निर्धारित मापदंडों के अनुसार सुधार करने की आवश्यकता है। उक्त सड़क परफॉर्मेंस गारंटी अवधि के अंतर्गत है।

लोक निर्माण विभाग ने ठेकेदार मेसर्स कन्हैया लाल अग्रवाल को सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से को सात दिनों के भीतर सुधार कर इनके फोटोग्राफ्स कार्यपालन अभियंता को प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया है। ठेकेदार द्वारा निर्धारित अवधि में सुधार कार्य नहीं करने पर अनुबंध के अनुसार ठेकेदार के रिस्क एण्ड कास्ट पर सुधार कराकर रोकी गई परफॉर्मेन्स गारंटी की राशि से भुगतान किया जाएगा, जिसके लिए ठेकेदार खुद जिम्मेदार होगा। उल्लेखनीय है कि ठेकेदार मेसर्स कन्हैया लाल अग्रवाल द्वारा 6.70 किमी लंबे ग्राम बानी से कान्हाभैरा मार्ग (पुल-पुलियों सहित) का निर्माण इस साल फरवरी में पूर्ण किया गया था। यह सड़क फरवरी-2031 तक पांच वर्षों की परफॉरमेंस गारंटी में है।

लोक निर्माण विभाग ने विभागीय अधिकारियों द्वारा सड़क के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की अवधि में मार्ग का पर्याप्त कम्पेक्शन नहीं पाए जाने पर इसे कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता मानते हुए तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी उमाप्रसाद जोशी और उप अभियंता एलआर छत्तरे को नोटिस जारी किया है।

# अर्नब तूफान से फसल क्षति का उप संचालक कृषि ने किया निरीक्षण

## किसानों को दी बीमा व राहत की जानकारी

*नई दृष्टिबिंदु / बेमेतरा*

जिले में विगत दिनों आए अर्नब तूफान के प्रभाव से खरीफ फसलों को हुए नुकसान के आकलन हेतु आज उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना ने विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कठिया एवं जेवरा का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक कृषि, फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

निरीक्षण में पाया गया कि दोनों ग्रामों में लगभग 5 से 10 प्रतिशत फसल आंशिक रूप से गिरी हुई है, जबकि कृषकों द्वारा भी नुकसान कम होना बताया गया। साथ ही लगभग 85 प्रतिशत फसल अपरिपक्व अवस्था में पाई गई।

### किसानों को दी गई सलाह

किसानों को सलाह दिया गया कि जिन खेतों में फसल गिरने के साथ पानी भराव है, वे तत्काल अतिरिक्त पानी की निकासी करें। जिन कृषकों ने फसल कटाई के बाद उपज खेत में ही रखी है और बारिश से नुकसान हुआ है, वे 72 घंटे के भीतर फसल बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 पर अनिवार्य रूप से सूचना दें, ताकि बीमा लाभ मिल सके। उन्होंने मैदानी अमले को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग से समन्वय कर प्रभावित कृषकों की जानकारी संकलित करें और पात्र किसानों को राजस्व पुस्तक परिपत्र फइ3 6(4) के तहत राहत राशि दिलाने की कार्रवाई करें।

उप संचालक कृषि ने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग फसलों की स्थिति पर सतत निगरानी रख रहा है और प्रभावित किसानों को शासन की योजनाओं के अनुरूप हर संभव सहायता दी जाएगी।



## चक्रवाती तूफान अर्नब से निपटने स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

**मोहला।** चक्रवाती तूफान अर्नब के संभावित प्रभावों को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती तनुजा सलाम ने जिला अस्पताल मोहला का निरीक्षण कर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों एवं अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों के उपचार तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती सलाम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उपचार के संबंध में चर्चा की। उन्होंने ओपीडी रजिस्टरों का अवलोकन कर मरीजों की संख्या एवं स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही अटल आरोग्य लैब का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध जांच सुविधाओं तथा मरीजों को प्रदान की जा रही सेवाओं के संबंध में भी जानकारी ली। चक्रवाती तूफान के कारण संभावित आपातकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का आकलन किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में मरीजों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराना तथा आम नागरिकों को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना महत्वपूर्ण है। निरीक्षण का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में अस्पताल की तैयारियों का जायजा लेना तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाए रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करना रहा।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर उत्तम रजक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य अस्पताल अधीक्षक-सह-सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

# सहसपुर लोहारा में विद्युत उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



## अध्यक्ष एके गौराहा ने समझाए उपभोक्ताओं के अधिकार व शिकायत निवारण की प्रक्रिया

*नई दृष्टिबिंदु / कवर्धा*

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के राजस्व जिला कवर्धा अंतर्गत सहसपुर लोहारा उपसंभाग में विद्युत उपभोक्ता जागरूकता एवं समस्या निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष एके गौराहा एवं कार्यपालन अधिकारी कवर्धा संभाग मनीष कुमार साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री गौराहा ने उपभोक्ताओं को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों एवं शिकायत निवारण व्यवस्था के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी के स्थानीय कार्यालयों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर शिकायतों का निराकरण नहीं होने अथवा समाधान से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में उपभोक्ता फोरम के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने शिकायत प्रस्तुत करने की प्रक्रिया एवं संबंधित प्रावधानों की जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता मनीष कुमार साहू ने भी विद्युत उपभोक्ताओं को उपलब्ध शिकायत निवारण व्यवस्था एवं विद्युत सेवाओं से संबंधित विषयों की जानकारी दी।

उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष एके गौराहा ने कहा कि बिजली बिल, मीटर, विद्युत आपूर्ति, वोल्टेज, नवीन कनेक्शन सहित अन्य विद्युत सेवाओं से संबंधित समस्या होने पर उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित कार्यालय अथवा उपलब्ध शिकायत निवारण माध्यमों से अपनी शिकायत दर्ज करानी चाहिए। यदि निर्धारित स्तर पर शिकायत का संतोषजनक निराकरण नहीं होता है, तो नियमानुसार विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की जा सकती है। उन्होंने शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा फोरम के कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि शिकायत निवारण व्यवस्था का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनकी विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सरल, सुलभ एवं नियमानुसार प्रक्रिया उपलब्ध कराना है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए निर्धारित व्यवस्था का उपयोग करें और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें।

# सेवा सेतु पोर्टल से अब ऑनलाइन जारी होंगे विद्यार्थियों के स्थानांतरण प्रमाण पत्र

*नई दृष्टिबिंदु / बेमेतरा*

शिक्षा व्यवस्था में डिजिटल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देशानुसार आज कलेक्ट्रेट के दिशा सभा कक्ष में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (टइव) एवं सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्थानांतरण प्रमाण पत्र (ळठ3) जारी करने की प्रक्रिया को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं संकुल प्रभारी शामिल हुए।

जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने बताया कि सभी संकुलों में टइव के लिए आधार ऑपरेटरों द्वारा कैंप लगाया जा रहा है। सभी संकुल प्रभारी और आधार ऑपरेटर आपसी समन्वय से कैंप को



सफल बनाएं। उन्होंने प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों को कैंप स्थल पर विद्युत, बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के प्रोग्रामर निहिल वर्मा ने 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष के स्कूली छात्र-छात्राओं के लंबित टइव की संकुलवार एवं विद्यालयवार स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत कर यू-डाइस पोर्टल पर नियमित अपडेट करने के निर्देश दिए।

ई-जिला प्रबंधक महेन्द्र कुमार वर्मा ने सेवा सेतु पोर्टल पर ऑनलाइन टीसी जारी करने की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब विद्यार्थियों को टीसी के लिए सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा मिलेगी। इस दौरान ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (ऊउ3) तैयार करने, ऊउ3 के माध्यम से ऑनलाइन अनुमोदन एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन टीसी के लिए विद्यार्थी का आधार कार्ड, पालक का आधार कार्ड, अंतिम वर्ष की अंकसूची एवं पालक सहमति पत्र सहित निर्धारित दस्तावेज आवश्यक होंगे। इस डिजिटल पहल से विद्यार्थियों एवं पालकों को टीसी के लिए विद्यालय या कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ऑनलाइन व्यवस्था से प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध होगी, जिससे दूसरे विद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा।

**निरीक्षण** धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाओं का लिया जायजा, कन्या छात्रावास, स्कूल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर सुविधाओं का किया अवलोकन

# कलेक्टर तनुजा सलाम ने मानपुर विकासखंड की विभिन्न संस्थाओं का किया निरीक्षण

*नई दृष्टिबिंदु / मोहला*

कलेक्टर श्रीमती तनुजा सलाम ने आज विकासखंड मानपुर के विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आँधी एवं सीतागांव धान खरीदी केंद्रों, कन्या छात्रावास, हायर सेकेंडरी स्कूल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आँधी का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं बेहतर रखने तथा शासन की योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम मानपुर डीआर ध्रुव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

आगामी धान खरीदी की तैयारियों के मद्देनजर कलेक्टर श्रीमती सलाम ने आँधी एवं सीतागांव धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल



मशीन, नमी मापक यंत्र, बारदानों की उपलब्धता एवं किसानों के ई-केवाईसी की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केंद्र आँधी की इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन में त्रुटि पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को मशीन का पुनः कैलिब्रेशन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती सलाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आँधी भी पहुंची। उन्होंने निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य एवं उपचार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता एवं चिकित्सकीय सेवाओं के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य कर्मचारियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखते हुए उन्हें समय पर बेहतर उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मौके पर उन्होंने निमाणाधीन नवीन महाविद्यालय भवन आँधी का निरीक्षण किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने संस्थानों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने तथा आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं हितग्राहियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### कन्या छात्रावास में छात्राओं से किया संवाद

कलेक्टर ने आँधी स्थित कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं के आवास, भोजन, पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, दैनिक दिनचर्या एवं छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही छात्राओं की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को छात्रावास में बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

आँधी स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, कक्षाओं की स्थिति तथा विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर पढ़ाई एवं शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने शिक्षकों को नियमित कक्षाएं संचालित करने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# रायपुर नगर निगम ने की बड़ी कार्रवाई रोहिणीपुरम का हेवन कैफे में लगाया ताला

## कैफे जिस परिसर में संचालित किया जा रहा था, वह आवासीय क्षेत्र में स्थित है

*नई दृष्टिबिंदु / रायपुर*



रायपुर में नगर निगम ने आवासीय क्षेत्र में संचालित व्यावसायिक परिसर के खिलाफ कार्रवाई की है। नगर निगम जोन क्रमांक 5 के नगर निवेश विभाग ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के अंतर्गत रोहिणीपुरम गोल चौक स्थित जेए कोचिंग के पास संचालित हेवन कैफे को सीलबंद कर दिया। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर की गई। नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आवासीय क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधि संचालित किए जाने के मामले में निर्धारित प्रक्रिया के तहत सीलबंदी की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान नगर निवेश विभाग के अधिकारी और तकनीकी कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

आवासीय क्षेत्र में संचालित हेवन कैफे पर कार्रवाई रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत रोहिणीपुरम गोल चौक के पास स्थित हेवन कैफे पर नगर निवेश विभाग की टीम ने कार्रवाई की। नगर निगम की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, कैफे जिस परिसर में संचालित किया जा रहा था, वह आवासीय क्षेत्र में स्थित है। निगम ने इसे व्यावसायिक परिसर के रूप में संचालित किए जाने का मामला बताते हुए सीलबंदी की कार्रवाई की। कार्रवाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्षेत्र में की गई। नगर निगम अधिकारियों की उपस्थिति में परिसर को सीलबंद करने की प्रक्रिया पूरी की गई।

निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर हुई कार्रवाई नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 5 नगर निवेश विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की। जोन 5 के जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परिसर को सीलबंद किया। नगर निगम प्रशासन की ओर से बताया गया कि कार्रवाई नगर निवेश विभाग के माध्यम से की गई है। हेवन कैफे के खिलाफ की गई कार्रवाई के दौरान नगर निगम के कई अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें जोन 5 के कार्यपालन अभियंता पद्माकर श्रीवास, सहायक अभियंता नागेश रामटेके और उपअभियंता टिकेन्द्र चंद्राकर शामिल थे। अधिकारियों की मौजूदगी में आवासीय क्षेत्र में संचालित बताए गए व्यावसायिक परिसर के विरुद्ध सीलबंदी की कार्रवाई पूरी की गई।

आवासीय क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर निगम की कार्रवाई शहरी क्षेत्रों में भवनों का उपयोग स्वीकृत प्रयोजन और लागू नगर निवेश नियमों के अनुसार किया जाना आवश्यक होता है। आवासीय भवनों या परिसरों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने के लिए संबंधित नियमों के तहत आवश्यक अनुमति और शर्तों का पालन करना पड़ सकता है। इसी संदर्भ में रायपुर नगर निगम के नगर निवेश विभाग ने रोहिणीपुरम स्थित हेवन कैफे के खिलाफ कार्रवाई की है। हालांकि नगर निगम की उपलब्ध सूचना में कैफे के विरुद्ध जारी नोटिस, संबंधित भवन अनुज्ञा, अनुमति की स्थिति और कार्रवाई में लागू विशिष्ट कानूनी धाराओं का विवरण नहीं दिया गया है।

रोहिणीपुरम गोल चौक के पास हुई सीलबंदी रोहिणीपुरम गोल चौक के समीप जेए कोचिंग के पास स्थित हेवन कैफे पर नगर निगम की कार्रवाई को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा हो रही है। नगर निगम की टीम ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत परिसर को सीलबंद किया। फिलहाल उपलब्ध जानकारी में कैफे संचालक की प्रतिक्रिया या सीलबंदी के खिलाफ किसी अपील का उल्लेख नहीं है। नगर निगम प्रशासन की ओर से इस मामले में आगे की कार्रवाई के संबंध में भी कोई विस्तृत सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है।

### सहायक ग्रेड-3 व भृत्य पदों की लिखित परीक्षा आगामी आदेश तक स्थगित

**रायपुर।** कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अंबिकापुर द्वारा सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु 01 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, लिखित परीक्षा के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत अतिरिक्त आपत्तियों का निराकरण किए जाने के पश्चात लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। साथ ही आगामी लिखित परीक्षा की नई तिथि भी पृथक से निर्धारित कर कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

# दुर्ग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, WINBUZZ ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गिरोह का भंडाफोड़

## 4.93 लाख नगद, 22 एटीएम, 10 पासबुक किया जब्त



*नई दृष्टिबिंदु / दुर्ग*

जिले में जुआ-सट्टा के खिलाफ चल रहे अभियान में चौकी स्मृति नगर, सुपेला थाना और ACCU दुर्ग की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। रूंगटा कॉलेज के पीछे राजा गार्डन में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**मकान में चल रहा था सट्टा**

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जी-9 टावर के पास देवेंद्र कुमार साहू के मकान में WINBUZZ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चल रहा है। टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी। भागने की कोशिश कर रहे दो युवकों को पकड़ा गया।

**मासिक वेतन पर करते थे नौकरी**

पूछताछ में पता चला कि मुख्य आरोपी देवेंद्र कुमार साहू गिरोह चलाता था। गिरफ्तार दोनों आरोपी मासिक वेतन पर सट्टा चलाने का काम करते थे। कई लोगों के बैंक खाते बिना जानकारी के सट्टे के लेन-देन में इस्तेमाल हो रहे थे।

**क्या-क्या जब्त हुआ**

नगद 4 लाख 93 हजार रुपये, 3 लैपटॉप, 1 आईपैड, 18 स्मार्ट मोबाइल, 22 ATM कार्ड, 10 बैंक पासबुक, 4 एयरटेल बैंक दफ्तकैनर, 1 वाई-फाई डिवाइस, 4 होंडा एक्टिवा स्कूटर शामिल हैं। आरोपी में प्रकाश हरिनखेड़े (23) निवासी अर्जुन नगर, वैशाली नगर, डिकेश प्रसाद तिवारी (22) निवासी अर्जुन नगर, वैशाली नगर हैं। दोनों पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम धारा 7 और बीएनएस की धारा 317(2), 317(4), 61(2) के तहत अपराध दर्ज कर 2 नवंबर को गिरफ्तार किया गया। मुख्य आरोपी देवेंद्र साहू फरार है, तलाश जारी है। पुलिस की अपील: अपना बैंक खाता, एटीएम, पासवुक किराये पर न दें, ऑनलाइन सट्टे से दूर रहें।

# 40% ब्याज पर वसूली, ब्लैंक चेक पर धमकी सूदखोर गैंग की सरगना सीमा यादव गिरफ्तार

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*



वैशाली नगर पुलिस ने अवैध ब्याजखोरी के बड़े मामले में फरार मुख्य आरोपी सीमा यादव (39) को गिरफ्तार किया है। गैंग जरूरतमंद महिलाओं को 40 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज पर पैसा देकर ब्लैंक चेक और कोरे स्टाम्प पर साइन कराकर धमकाता था।

**मामला क्या है**


प्रार्थिया पूनम मनोज कुमार निवासी एहर-541 ने 27 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 दिसंबर 2024 को सीमा यादव से 50 हजार रुपये उधार लिए थे। बदले में इंडियन बैंक के 8 ब्लैंक चेक और स्टाम्प पेपर रखवा लिए। 29 सप्ताह में 72,500 रुपये ब्याज देने के बाद भी और पैसा मांग रहे थे। नहीं देने पर जान से मारने, बेटी की हत्या और घर से बेघर करने की धमकी देते थे।

इसी तरह उसकी सहेली सुमिता ताम्बोली से 1 लाख के बदले 28 सप्ताह में 1.40 लाख वसूले। कुल बरामदगी - 3.79 लाख, बबली साहू से 99,900 नगद, चेक, स्टाम्प, डायरी, सीमा यादव के घर से 2,80,000 नगद, डायरी, चेक, स्टाम्प शामिल हैं। प्रकरण में बबली साहू, प्रमोद साहू, ज्योति निरंजन पहले ही जेल जा चुके हैं। सीमा को 2 नवंबर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। अपराध क्रमांक 402/2026 धारा 296, 308(5), 3(5) बीएनएस और कर्ज एक्ट धारा 4 के तहत केस दर्ज।

# भिलाई-चरोदा के पार्षदों को मिला चार माह का लंबित मानदेय

## दीपावली से पहले निगम अधिकारी-कर्मचारियों के खातों में भी सितंबर तक का वेतन जारी

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई-चरोदा*



नगर निगम भिलाई-चरोदा के पार्षदों को पिछले चार माह से लंबित मानदेय का भुगतान कर दिया गया है। वहीं निगम के अधिकारी-कर्मचारियों के खातों में भी सितंबर 2026 तक का वेतन भेज दिया गया है। लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारियों और पार्षदों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

जानकारी के अनुसार, निगम के पार्षदों को जून से सितंबर 2026 तक का मानदेय वित्तीय अभाव के चलते नहीं मिल पाया था। इसके अलावा निगम के अधिकारी-कर्मचारियों, विशेषकर अभियंता वर्ग को भी पिछले दो से तीन माह से वेतन नहीं मिला था।

मामले को गंभीरता से लेते हुए निगम कमिश्नर एस.के. सुंदरानी ने पिछले कार्यदिवस पर लेखा शाखा को निर्देशित कर अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन और पार्षदों के मानदेय भुगतान से संबंधित लंबित फाइलें मंगवाईं। इसके बाद भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर सोमवार 2 नवंबर 2026 तक सितंबर माह का वेतन एवं पार्षदों का चार माह का लंबित मानदेय बैंक खातों में भेज दिया गया।

समय पर भुगतान होने से निगम के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही वार्ड पार्षदों ने भी राहत की सांस ली है।

### स्वच्छता कमांडो को बेहतर कार्य के लिए कमिश्नर ने किया प्रेरित



नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में सोमवार को सप्ताह के पहले कार्यदिवस पर स्वच्छता कमांडो की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम कमिश्नर एस.के. सुंदरानी ने स्वच्छता कमांडो से चर्चा कर उनके कार्यों की जानकारी ली और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

बैठक में स्वच्छता कमांडो ने कमिश्नर को वर्तमान में किए जा रहे सफाई कार्यों की स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान स्वास्थ्य प्रभारी बीनू वर्मा सहित उनकी पूरी टीम मौजूद रही। निगम क्षेत्र में वर्तमान में कुल 176 स्वच्छता कमांडो कार्यरत हैं, जो प्रतिदिन पूरे निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था संभाल रहे हैं।

कमिश्नर एस.के. सुंदरानी ने कहा कि सभी कर्मचारी प्रभावी ढंग से अपना कार्य कर रहे हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि घरों से कचरा संग्रहण के दौरान गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग लेना सुनिश्चित करें। कचरे में निकलने वाले कागज, गत्ता और लोहे जैसी उपयोगी सामग्री को अलग कर बेचने से अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा सकती है। वहीं गीले कचरे को पुनर्चक्रण के लिए आगे भेजा जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कमांडो का योगदान शहर को स्वच्छता के मापदंडों पर उत्कृष्ट स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सभी कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

# घर छोड़ने के बहाने मोबाइल लेकर 45 हजार उड़ाए, स्मृतिनगर पुलिस ने 2 ठगों को पकड़ा

*नई दृष्टिबिंदु / भिलाई*



कर्ज चुकाने के लिए ऑनलाइन ठगी की साजिश रचने वाले दो आरोपियों को चौकी स्मृतिनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 45 हजार नगद, 3 मोबाइल और एक्टिवा समेत 85 हजार की मशरूका जब्त की गई।

**क्या है मामला :** 1 नवंबर को प्रार्थी सरताज अंसारी निवासी कातुलबोर्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 अक्टूबर की रात 10 से 11 बजे के बीच बटालियन भट्ठी में राजेन्द्र पटेल उर्फ राहुल (26) और नितेश राजपूत उर्फ चिंटू (27) ने उसे घर छोड़ने के बहाने मोबाइल ले लिया। छल से फोन-पे का पासवर्ड लेकर उसके खाते से 45 हजार रुपये अपने परिचित के खाते में ट्रांसफर कर दिए। चौकी स्मृतिनगर में अपराध क्र. 1650/2026 धारा 318(4), 3(5) BNS के तहत केस दर्ज हुआ।

**कर्ज की वजह से बनाया प्लान**

पूछताछ में पता चला कि नितेश ने लोगों से करीब 50 हजार उधार लिया था। दीपावली पर तकादा होने पर दोनों ने मिलकर ठगी की योजना बनाई। एक्टिवा से बटालियन भट्ठी पहुंचकर वारदात की। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर सूचना से दोनों को पकड़ा और कोर्ट में पेश किया। जब्ती - कुल 85 हजार, नगद 45,000, 3 मोबाइल फोन और 1 एक्टिवा शामिल है।

**पुलिस की अपील :** किसी अनजान को अनलॉक मोबाइल, UPI पिन, पासवर्ड, OTP न दें। ठगी होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत करें।

**खदान में आधी रात डकैती का खुलासा, दो आरोपी हुए गिरफ्तार**

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एसईसीएल की बांकी नंबर 4 खदान में सुरक्षाकर्मियों को बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम देने के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। बांकीमोंगरा पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल पिकअप वाहन, गैस कटर, ऑक्सीजन सिलेंडर और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, 10 से 12 नकाबपोश बदमाशों ने आधी रात खदान परिसर में घुसकर सुरक्षाकर्मियों को बंधक बनाया था और गैस कटर से लोहे के सामान काटकर ले गए थे। जानकारी के अनुसार, घटना 26 और 27 अक्टूबर 2026 की दरम्यानी रात करीब एक बजे की है। एसईसीएल बांकी नंबर 4 खदान परिसर में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। इसी दौरान करीब 10 से 12 नकाबपोश बदमाश अचानक खदान परिसर में घुस आए। आरोपियों ने वहां मौजूद चौकीदारों को बंधक बना लिया और उनके मोबाइल फोन छीन लिए। इसके बाद बदमाशों ने खदान के स्टोर में रखे लोहे के रैक और एसईसीएल के पाइप को गैस कटर की मदद से काट दिया।

गैस कटर से काटकर ले गए लोहे के रैक और पाइप पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने खदान परिसर से करीब 28 हजार रुपये कीमत के लोहे के रैक और पाइप चोरी कर लिए। वारदात के दौरान सुरक्षाकर्मियों को बंधक बनाए रखा गया, ताकि वे विरोध न कर सकें या किसी को घटना की सूचना न दे सकें। सामान लेकर भागने से पहले बदमाशों ने सुरक्षाकर्मियों के छीने गए मोबाइल फोन वापस कर दिए। इसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद एसईसीएल के सुरक्षा गार्ड व्यासनारायण चौहान ने 28 अक्टूबर 2026 को बांकीमोंगरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर बेल्ट से पीटा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में शराब पीने के लिए 500 रुपये नहीं देने पर दो युवकों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में आरोपियों ने रास्ता रोककर युवकों से शराब पीने के लिए रुपये मांगे। इनकार करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों तथा बेल्ट से मारपीट की। पीड़ितों को जमीन पर घसीटकर पीटने का भी आरोप है। मामले में बांकीमोंगरा पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, घटना 30 अक्टूबर 2026 की रात करीब 9 बजकर 30 मिनट की है। प्रार्थी सूरज कुमार बिंझवार अपने साथी दिनेश कुमार बिंझवार के साथ बांकीमोंगरा स्थित देसी शराब भट्ठी से वापस लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में कुछ युवकों ने दोनों को रोक लिया। आरोपियों ने पहले उनसे पूछताछ की और इसके बाद शराब पीने के लिए 500 रुपये की मांग करने लगे।










"यह समाचार पत्र आलोक तिवारी द्वारा 80/बी, मैत्री विहार, राधिका नगर, सुपेला, भिलाई, जिला दुर्ग, (छत्तीसगढ़)-490023 से आलोक तिवारी की ओर से प्रकाशित की जाती है, जिसका संपादन आलोक तिवारी द्वारा किया जाता है तथा इसका मुद्रण समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स द्वारा प्लॉट नं. 339/6, गली नं. 02, पाटन, थाना उतई, दुर्ग, (छ.ग.)-491111 पर किया जाता है। (समाचार चयन के लिए PRP Act, 2023 के तहत संपादक जिम्मेदार है)। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र दुर्ग होगा।" संपादक आलोक तिवारी, मो. 74154-69100